कोटद्वार, गुरूवार
3 जुलाई 2025
वर्ष: 47
अंक: 66 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल
डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### बस दुर्घटना में लापता एक और यात्री का मिला शव

रुद्रप्रयाग : ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग में बीती 26 जून को हुई बस दुर्घटना में लापता लोगों की खोजबीन लगातार जारी है। पुलिस द्वारा निरंतर नदी किनारे खोजबीन की जा रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर रेस्क्यू टीमें प्रतिदिन रुद्रप्रयाग से लेकर श्रीनगर तक नदी किनारे खोजबीन कर रही हैं। बुधवार को पुलिस को खोजबीन के दौरान श्रीनगर डैम साइड टिहरी गढ़वाल क्षेत्र में एक शव बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि उक्त शव की पहचान परिजनों ने मयूरी सोनी, निवासी सूरत, गुजरात, उम्र 24 वर्ष के रूप में की गई है। बता दें कि इस हृदय विदारक दुर्घटना में अब तक मृतकों की संख्या 7 हो गई है। जबकि 5 लापता लोगों की पुलिस लगातार खोजबीन कर रही है। (एजेंसी)

### केदारनाथ यात्रा पर जा रही महिला यात्री की मौत

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ यात्रा पर जा रही एक यात्री की गौरीकुंड घोड़ा पड़ाव के पास जाते ही अचानक तबीयत बिगड़ गई। जिसे सूचना मिलते ही डीडीआरएफ की टीम द्वारा गौरीकुंड अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह 8:38 मिनट पर महिला यात्री नयना बैग केदारनाथ दर्शनों को जा रही थी। गौरीकुंड बाजार के बाद जैसे ही वह घोड़ा पड़ाव के पास पहुंची तो उनकी अचानक तबीयत बिगड़ने लगी। साथ में परिजनों को कुछ देर रुकने को कहा कि इसी बीच वह बेहोश होकर गिरने लगी। इस बात की सूचना डीडीआरएफ को मिली तो टीम मौके पर रवाना हुई। महिला को गौरीकुंड अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। महिला के शव को शव वाहन से जिला चिकित्सालय भेज दिया गया।

### गंगाजल गिरने पर भड़के कांवड़िए, चालक की जमकर पिटाई

हरिद्वार। हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़ियों और टेंपो चालक के बीच मंगलवार रात उस समय हंगामा हो गया, जब गंगाजल से भरी कांवड़ एक टेंपो की टक्कर से खंडित हो गई। घटना से नाराज कांवड़ियों ने मौके पर जमकर हंगामा कर टेंपो चालक की पिटाई कर दी। पतंजलि योगपीठ के पास कांवड़ लेकर लौट रहे कुछ श्रद्धालु को पीछे से आ रहे टेंपो ने हल्की टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही गंगाजल खंडित हो गया। इससे कांवड़िए बुरी तरह भड़क उठे। गुस्साए कांवड़ियों ने टेंपो चालक को पकड़कर मारपीट शुरू कर दी। इससे मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया। वहां मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया और पुलिस को सूचना दी।

### चालक ने अनियंत्रित दौड़ाई कार, कई लोग बाल-बाल बचे

रुद्रपुर। सड़क पर अनियंत्रित दौड़ रही कार से कई लोग बाल-बाल बच गए। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर कार नंबर से चालक का पता लगाने का प्रयास कर रही है। मंगलवार देर शाम एक चालक ने अनियंत्रित तरीके से कार चलाते हुए पीलीभीत रोड पर एक खोखे और टुकटुक को टक्कर मार दी। चालक भागते हुए डिग्री कॉलेज रोड पर भागने का प्रयास कर रहा था। कॉलेज रोड पर अनियंत्रित कार से कई लोग टकराने से बचे। कार चालक ने कार को तेज गति से भगाते हुए वी टू मॉल के सामने गली से भागने का प्रयास किया, लेकिन एक गड्ढे में कार फंस जाने से चालक कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर कार नंबर के आधार पर कार मालिक की तलाश शुरू कर दी है।

### चरस तस्करी के दोषी 75 वर्षीय बुजुर्ग को तीन साल की सजा

चम्पावत। चरस तस्करी के दोषी एक 75 वर्षीय बुजुर्ग को तीन साल की सजा सुनाई गई है। बुजुर्ग पर 30 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा होगी। बुजुर्ग से वर्ष 2020 में 330 ग्राम चरस बरामद की गई थी। मिली जानकारी के अनुसार दिसंबर 2020 में पुलिस की हाईवे पेट्रोल यूनिट राष्ट्रीय राजमार्ग में बनलेख के पास चेकिंग अभियान चला रही थी।

## कांवड़ यात्रियों का वाहन दुघर्टनाग्रस्त, तीन कांवड यात्रियों की मौत

**मुख्यमंत्री धामी ने मृत कांवड़ यात्रियों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त कर घायलों के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की**



देहरादून। टिहरी जिले में ऋषिकेश-गंगोत्री हाईवे पर जाजल और फकोट के बीच कांवड़ यात्रियों से भरा ट्रक पलट गया। दुर्घटना में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 16 यात्री घायल हुए हैं। ट्रक में कुल 18 कांवड़ यात्री सवार थे, जो ऋषिकेश से गंगोत्री की ओर जा रहे थे। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी बृजेश भट्ट ने जानकारी दी कि हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दो अन्य यात्री ट्रक के नीचे दबे मिले। गंभीर रूप से घायल चार यात्रियों को एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया। आठ लोगों का उपचार नरेंद्र नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में और एक व्यक्ति का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फकोट में इलाज चल रहा है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही राहत और बचाव कार्य तुरंत शुरू कर दिए गए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी जनपद में खाड़ी के पास हुई सड़क दुघर्टना में मृत कांवड़ यात्रियों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

जिलाधिकारी टिहरी ने बताया कि बुधवार सुबह कांवड़ यात्रियों का एक ट्रक खाड़ी से दो किमी आगे पलट गया था। 108 एम्बुलेंस सेवा की मदद से घायल यात्रियों को अस्पताल पहुंचाया गया। जिसमें 18 यात्री सवार थे, उन्होने बताया कि दुर्घटना में तीन कांवड यात्रियों की दुःखद मृत्यु हुई है। दुर्घटना के बाद प्रशासन ने तत्काल राहत एवं बचाव अभियान संचालित करते हुए, सभी यात्रियों को ट्रक से बाहर निकाला। जिसमें से चार घायलों को एम्स ऋषिकेश और शेष को नरेंद्र नगर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि ट्रक को सीधा कर लिया गया है।

### चिटफंड कंपनी की धोखाधड़ी मामले सरकार से जवाब मांगा

नैनीताल। हाईकोर्ट ने चिटफंड कंपनी एलयूसीसी द्वारा प्रदेश में लोगों के साथ 800 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी कर फरार होने के मामले में बुधवार को सुनवाई की। मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति जी नरेंदर व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने मामले में सीबीआई के अधिवक्ता से राय मांगी है। साथ ही राज्य सरकार से दो सप्ताह में अपना जवाब पेश करने को कहा है। अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी। मामले के अनुसार, ऋषिकेश निवासी आशुतोष ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि एलयूसीसी नाम की चिटफंड कंपनी ने 2021 में प्रदेश में कई जिलों के लोगों को लाभ देने के उद्देश्य से अपने ऑफिस देहरादून, ऋषिकेश और पौड़ी में खुलवाए।

जिसके बाद स्थानीय लोगों को अपना एजेंट नियुक्त किया। इन एजेंटों ने अपने करीबियों से कंपनी में निवेश करने को कहा। लोगों ने सहानुभूति दिखाकर निवेश भी किया। जबकि कंपनी ने उत्तराखंड में सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत अपना रजिस्ट्रेशन तक नहीं कराया। 2023 – 24 में कंपनी अपने ऑफिस बंद कर चली गई।

## सीएम धामी ने की आस्तियों एवं दायित्वों के मामलों की समीक्षा

### – परिसंपत्तियों को लेकर यूपी के सीएम योगी से मिलेंगे सीएम धामी




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सचिवालय में उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड राज्य के मध्य अवशेष आस्तियों एवं दायित्वों के मामलों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन मामलों में दोनों राज्यों के बीच पिछली बैठक में सहमति बनी थी, उनमें से जिन मामलों में कार्यवाही गतिमान है, उत्तर प्रदेश के अधिकारियों के साथ बैठक कर उनका जल्द समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दोनों राज्यों के अवशेष आस्तियों एवं दायित्वों के मामले में जल्द ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बैठक करेंगे।

दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों की पिछली बैठक के बाद जिला उधमसिंहनगर एवं हरिद्वार में स्थित जलाशयों/नहरों में वाटर स्पोर्टस की अनुमति दी जा चुकी है। सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा विद्युत बिलों के रूप में 57.87 करोड़ रूपये का भुगतान किया जा चुका है। उत्तर प्रदेश मत्स्य निगम द्वारा उत्तराखण्ड मत्स्य पालन विकास अभिकरण को 3.98 करोड़ रूपये का भुगतान किया जा चुका है। वन विकास निगम उत्तराखण्ड को दी जाने वाली देयताओं का आंशिक भुगतान किया गया है। परिवहन निगम की अवशेष राशि का भुगतान किया गया जा चुका है। आवास विभाग के अन्तर्गत आवास विकास परिषद की परिसम्पत्तियों के निस्तारण का निर्णय हुआ है।

बैठक में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव डॉ. नीरज खेरवाल एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## मेरा उत्तराधिकारी चीन नहीं तिब्बती परंपराएं तय करेंगी, धर्मगुरु दलाई लामा का बड़ा बयान



नई दिल्ली ,तिब्बती बौद्ध धर्म के सवोच्च आध्यात्मिक नेता 14वें दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो ने अपने उत्तराधिकारी को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि उनकी मृत्यु के बाद अगला दलाई लामा तिब्बती बौद्ध परंपराओं के अनुसार चुना जाएगा, और इस प्रक्रिया में चीन की कोई भूमिका नहीं होगी। दलाई लामा ने यह भी बताया कि उत्तराधिकारी की पहचान और मान्यता की जिम्मेदारी उन्होंने अपने आधिकारिक ट्रस्ट 'गादेन फोडरंग ट्रस्टझ् को सौंपी है। उन्होंने यह बयान एक आधिकारिक वक्तव्य के ज़रिए जारी किया। दलाई लामा ने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी संस्था, यानी 'दलाई लामा का संस्थानइ, भविष्य में भी जारी रहेगा। उन्होंने 2011 में किए गए उस वादे की याद दिलाई, जब उन्होंने कहा था कि 90 वर्ष की उम्र के करीब पहुंचने पर वे तिब्बती धर्मगुरुओं और जनता से विचार-विमर्श कर तय करेंगे कि इस परंपरा को जारी रखना है या नहीं। अब जब वे 6 जुलाई 2025 को 90 वर्ष के हो रहे हैं, उन्होंने कहा कि बीते 14 वर्षों में उन्हें तिब्बती बौद्ध नेताओं, तिब्बती संसद, केंद्र सरकार (धर्मशाला स्थित), हिमालयी क्षेत्रों, मंगोलिया, रूस और यहां तक कि तिब्बत के भीतर से भी लगातार यह अनुरोध मिला है कि यह परंपरा जारी रहनी चाहिए। इन्हीं अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए दलाई लामा ने औपचारिक रूप से घोषणा की, मैं घोषित करता हूं कि दलाई लामा की परंपरा जारी रहेगी। दलाई लामा ने दोहराया कि अगले दलाई लामा की पहचान और मान्यता का अधिकार केवल 'गादेन फोडरंग ट्रस्टझ् को होगा। उन्होंने बिना नाम लिए चीन के हस्तक्षेप की संभावना को खारिज किया और कहा कि कोई भी सरकार या संस्था इस प्रक्रिया में दखल नहीं दे सकती। उन्होंने कहा कि अगला दलाई लामा तिब्बती परंपरा के अनुसार चुना जाएगा, जिसमें तिब्बती बौद्ध परंपराओं के वरिष्ठ लामा और धर्म रक्षक शामिल होंगे।अपनी हालिया पुस्तक (मार्च 2025) में दलाई लामा ने लिखा है कि उनका अगला जन्म (पुनर्जन्म) भारत या किसी अन्य स्वतंत्र देश में होगा, जहां तिब्बती बौद्ध धर्म स्वतंत्र रूप से फल-फूल सके। पुनर्जन्म का उद्देश्य मेरे कार्यों को आगे बढ़ाना है। इसलिए अगला दलाई लामा स्वतंत्र दुनिया में जन्म लेगा, ताकि वह तिब्बती बौद्ध धर्म और तिब्बती जनता की आकांक्षाओं का प्रतीक बन सके। दलाई लामा के इस बयान पर चीन ने तीखी प्रतिक्रिया दी। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, दलाई लामा एक राजनीतिक निर्वासित हैं, जिन्हें तिब्बती लोगों का प्रतिनिधित्व करने का कोई अधिकार नहीं है। उत्तराधिकारी का चयन चीन के कानून और परंपराओं के अनुसार होगा। चीन का दावा है कि 1793 में किंग वंश द्वारा शुरू की गई 'गोल्डन अर्न प्रक्रिया के तहत उत्तराधिकारी को मंजूरी देने का अधिकार चीन को है। चीन यह संकेत देता रहा है कि दलाई लामा की मृत्यु के बाद वह खुद से एक नया (15वां) दलाई लामा घोषित कर सकता है, जिसे दुनिया मान्यता दे। लेकिन दलाई लामा पहले भी स्पष्ट कर चुके हैं कि राजनीतिक कारणों से पैदा किए गए किसी दलाई लामा को तिब्बती लोग और बौद्ध धर्म कभी नहीं मानेंगे।

### हावड़ा नगर निगम में पेड़ गिरने से दो कर्मचारियों की मौत

हावड़ा ,हावड़ा नगर निगम के मुख्य कार्यालय के सामने बुधवार सुबह एक बड़ा पेड़ अचानक गिरने से दो अस्थायी कर्मचारियों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान उमेश महतो और नूर मोहम्मद के रूप में हुई है। यह हादसा सुबह-सुबह हुआ, जब ये कर्मचारी नगर निगम के मुख्य गेट के पास चाय पी रहे थे और अखबार पढ़ रहे थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को बरामद कर लिया और आपदा प्रबंधन विभाग ने पेड़ हटाने का काम शुरू कर दिया है।

स्थानीय लोगों और एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, यह पेड़ कई दिनों से झुका हुआ था और इसकी जानकारी नगर निगम को दी गई थी। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके कारण यह हादसा हुआ। अगर यह घटना कार्यालय समय के दौरान होती, तो और लोगों के घायल होने की संभावना थी।

हावड़ा नगर निगम के अध्यक्ष सुजय चक्रवर्ती ने इसे दुखद घटना बताते हुए मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## अमरनाथ यात्रा : बम-बम भोले के जयकारों से गूंजा जम्मू

### बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए पहला जत्था रवाना




जम्मू , जम्मू 'बम-बम भोले के नारों से गूंज रहा है। भगवान शिव शंकर के जयकारों के बीच भगवती नगर बेस कैंप से बुधवार सुबह अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू से पहला जत्था रवाना हुआ। पहले विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसमें जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा शामिल हुए। पूजा के बाद उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

पहले चरण में लगभग 4500 श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ यात्रा पर रवाना हुआ। उपराज्यपाल ने कहा, एक बार फिर जम्मू में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन देखने को मिल रहा है। यह आतंकवाद पर एक बहुत बड़ा तमाचा है कि देशभर से श्रद्धालु अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू पहुंच रहे हैं। एलजी मनोज सिन्हा ने सभी श्रद्धालुओं को भगवान शिव के पवित्र निवास तक सुरक्षित और आरामदायक यात्रा की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी के लिए शांति और आशीर्वाद के लिए बाबा अमरनाथ से प्रार्थना की।

पहले जत्थे में शामिल एक महिला ने कहा कि बहुत ही अच्छा लगा है। हमें इस बात की भी खुशी है कि हम पहले जत्थे के साथ रवाना हो रहे हैं। सुरक्षा के मसले पर श्रद्धालुओं ने कहा कि जब तक हमारी सेना और प्रधानमंत्री मोदी हैं, तब तक कोई हमारा 'बाल भी बांकाझ् नहीं कर सकता है। हमें अपनी सेना पर पूरा भरोसा है। एक व्यक्ति ने कहा, हम लोगों को यही संदेश देंगे कि बिना डर के यहां आएं।

**पहली नौकरी मिलते ही सरकार युवाओं को देगी पैसा**

## केंद्रीय कैबिनेट ने बड़ी योजनाओं को दी मंजूरी



नई दिल्ली ,केंद्र सरकार ने कई बड़ी योजनाओं को हरी झंडी दी है। सरकार ने प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेंटिव की तर्ज पर एम्प्लॉयमेंट लिंक्ड इन्सेंटिव योजना को मंजूरी दे दी है। इसके तहत मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में संगठित और स्थायी रोजगार को प्रोत्साहन दिया जाएगा। इस योजना के तहत, सरकार कुल 1.07 लाख करोड़ रुपए का प्रोत्साहन देगी। रोजगार को प्रोत्साहन देने के लिए पहली नौकरी पर सरकार युवाओं को धनराशि देगी।

वैष्णव ने बताया कि श्वरुद्ध योजना के दो हिस्से होंगे पार्ट ए और पार्ट बी। पार्ट ए के तहत नई नियुक्ति करने पर सरकार कर्मचारी की एक महीने की सैलरी (अधिकतम 15 हजार रुपए) दो टुकड़ों में प्रोत्साहन के रूप में देगी। पहली हिस्सा नियुक्ति के छह महीने बाद, जबकि दूसरा हिस्सा नियुक्ति के 12 महीने बाद दिया जाएगा। जबकि पार्ट बी के तहत दो साल तक हर महीने 3000 रुपए का प्रोत्साहन दिया जाएगा। मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों को 4 साल तक यह प्रोत्साहन मिलेगा। पार्ट बी के तहत हर महीने प्रति कर्मचारी आनुपातिक प्रोत्साहन (अधिकतम 3000 रुपए) दो साल तक और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए 4 साल तक दिया जाएगा। यह राशि हर छह महीने पर चुकाई जाएगी। यह स्कीम दो साल के लिए होगी। यह उन्हीं कर्मचारियों पर लागू होगी, जिनकी मासिक सेलरी 1 लाख रुपए से कम हो।


केंद्रीय मंत्रिमंडल ने समग्र 'खेलो भारत नीतिझ् को मंजूरी दी है। 1984 में पहली बार राष्ट्रीय खेल नीति लागू की गई थी। इसके बाद 2001 में नई स्पोर्ट्स पॉलिसी जारी की गई। अब केंद्र सरकार खेल भारत नीति 2025 को लागू करेगी जिसके तहत युवाओं को खेलों के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि हमारा लक्ष्य देश को खेल के मामले में दुनिया के टॉप 5 देशों में शामिल करना है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (लागत 1.07 लाख करोड़ रुपये), रिसर्च डेवलपमेंट एंड इनोवेशन (आरडीआई) योजना (लागत 1 लाख करोड़ रुपये), राष्ट्रीय खेल नीति 2025 और परमकुडी-रामनाथपुरम राष्ट्रीय राजमार्ग को चार लेन का बनाने (लागत 1,853 करोड़ रुपये) को मंजूरी दी है।

### संसद सुरक्षा चूक का मामला : हाईकोर्ट ने दो आरोपियों को दी जमानत, दिल्ली पुलिस ने किया विरोध

नई दिल्ली ,संसद की सुरक्षा में हुई बड़ी चूक के मामले में एक अहम अपडेट सामने आया है। दिल्ली हाई कोर्ट ने इस मामले में दो आरोपियों नीलम आज़ाद और महेश कुमावत को बुधवार को जमानत दे दी है। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली पुलिस ने इनकी जमानत याचिका का विरोध किया, लेकिन कोर्ट ने दोनों को ज़मानत दे दी। गौरतलब है कि साल 2023 में संसद (लोकसभा) के अंदर सुरक्षा घेरे को तोड़ते हुए कुछ लोग घुस आए थे। उन्होंने पीली गैस छोड़ी और नारेबाजी की थी, जिससे संसद भवन की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए थे। यह घटना उस समय काफी सुर्खियों में रही थी और पूरे देश में इसे लेकर चिंता जताई गई थी। अब कोर्ट के इस फैसले के बाद यह देखना होगा कि आगे इस मामले में कानूनी कार्यवाही किस दिशा में बढ़ती है।

**सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला**

## एससी-एसटी कर्मचारियों के लिए सीधी भर्ती और प्रमोशन में आरक्षण लागू



नई दिल्ली ,सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए अपनी सीधी भर्ती और प्रमोशन प्रक्रियाओं में अनुसूचित जाति (एससी) के लिए 15 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के लिए 7.5 प्रतिशत आरक्षण की औपचारिक नीति को मंजूरी दे दी है। यह जानकारी 24 जून को सुप्रीम कोर्ट के सभी कर्मचारियों को जारी एक आधिकारिक सर्कुलर के माध्यम से दी गई। यह नई आरक्षण व्यवस्था 23 जून, 2025 से प्रभावी हो गई है। यह महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों पर लागू नहीं होगा। इसके दायरे में रजिस्ट्रार, वरिष्ठ निजी सहायक, सहायक लाइब्रेरियन, जूनियर कोर्ट असिस्टेंट और चेंबर अटेंडेंट जैसे विभिन्न गैर-न्यायिक पद शामिल होंगे। भारत के मुख्य न्यायाधीश (तत्कालीन) गवई ने इस फैसले पर अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा था कि जब देश के अन्य सरकारी संस्थानों और कई उच्च न्यायालयों में पहले से ही एससी और एसटी वर्गों के लिए आरक्षण का प्रावधान मौजूद है, तो सुप्रीम कोर्ट को इससे अलग क्यों रखा जाना चाहिए? उन्होंने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने कई ऐतिहासिक निर्णयों में सकारात्मक कार्रवाई का समर्थन किया है, और अब एक संस्था के रूप में हमें इसे अपने यहां भी लागू करना चाहिए। हमारे कार्य हमारे सिद्धांतों के अनुरूप होने चाहिए। नई आरक्षण नीति के संबंध में जारी सर्कुलर में सभी कर्मचारियों और रजिस्ट्रारों को सूचित किया गया है कि मॉडल आरक्षण रोस्टर और रजिस्टर सुप्रीम कोर्ट के आंतरिक नेटवर्क पर अपलोड कर दिया गया है और यह 23 जून से प्रभावी हो गया है। सर्कुलर में यह भी निर्देश दिया गया है कि यदि किसी कर्मचारी को रोस्टर या रजिस्टर में कोई त्रुटि या कमी नजर आती है, तो वे तुरंत संबंधित रजिस्ट्रार को सूचित करें।

## वैश्विक नेताओं से बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं-मोदी



नई दिल्ली ,। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को घाना की राजधानी अकरा के लिए रवाना हुए। यह उनकी पांच देशों की यात्रा का पहला चरण है। इस यात्रा का उद्देश्य भारत के वैश्विक साझेदारी को ग्लोबल साउथ और अटलांटिक के दोनों पक्षों के साथ संबंधों को मजबूत करना है। प्रधानमंत्री की इस यात्रा में घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया का दौरा शामिल हैं। पीएम मोदी ने इन देशों को भारत की विदेश नीति के लिए महत्वपूर्ण साझेदार बताया, जो ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और बहुपक्षीय सहयोग से जुड़े हैं।

अपने बयान में पीएम मोदी ने कहा, राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के निमंत्रण पर मैं 2-3 जुलाई को घाना का दौरा करूंगा। घाना ग्लोबल साउथ में एक मूल्यवान साझेदार है और अफ्रीकी संघ और पश्चिम अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने निवेश, ऊर्जा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और विकास साझेदारी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि घाना की संसद में बोलना मेरे लिए सम्मान की बात होगी।

इसके बाद, पीएम मोदी 3-4 जुलाई को त्रिनिदाद और टोबैगो जाएंगे। उन्होंने कहा कि वह भारत के साथ 'गहरी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के बीच जुड़ावझ् साझा करता है। उन्होंने कहा, मैं राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू से मिलूंगा, जो इस साल के प्रवासी भारतीय दिवस की मुख्य अतिथि थीं और दूसरी बार कार्यभार संभालने वालीं प्रधानमंत्री कमला परसाद-बिसेसर से मुलाकात करूंगा। प्रवासी समुदाय के लंबे समय से चले आ रहे रिश्तों को याद करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 180 साल पहले भारतीय पहली बार त्रिनिदाद और टोबैगो पहुंचे थे। यह दौरा हमारे पुश्तैनी और रिश्तेदारी के विशेष बंधनों को नया जीवन देने का अवसर देगा। पीएम मोदी पोर्ट ऑफ स्पेन से ब्यूनस आयर्स जाएंगे, जो 57 साल में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का अर्जेंटीना का पहला द्विपक्षीय दौरा होगा। अर्जेंटीना को लैटिन अमेरिका में एक प्रमुख आर्थिक साझेदार और जी20 में निकट सहयोगी बताते हुए उन्होंने कहा, मैं राष्ट्रपति जेवियर माइली से मुलाकात का इंतजार कर रहा हूं, जिनसे मैं पिछले साल भी मिला था।

### दो महिलाओं को लूट के आरोप में किया गिरफ्तार

नई दिल्ली ,दिल्ली के कमला मार्केट थाना पुलिस ने एक युवा यात्री से 10,000 रुपये की लूट के मामले में दो महिला आरोपियों, रोमा (58 वर्ष) और सकीना (38 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी जी.बी. रोड, अजमेरी गेट की रहने वाली हैं। पुलिस ने लूटी गई पूरी राशि और पीड़ित का पर्स बरामद कर लिया है। 30 जून को कमला मार्केट थाने में लूट की शिकायत दर्ज की गई थी। पीड़ित ने बताया कि वह अपने गृहनगर जा रहा था, जब एक अज्ञात व्यक्ति ने उससे दोस्ती की और उसे बहला-फुसलाकर जी.बी. रोड ले गया।

वहां दो महिलाओं ने उस पर हमला किया और उससे 10,000 रुपये नकद लूट लिए। शिकायत के आधार पर थाने में धारा 309(4)/3(5) बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज की गई।

## रेशम कोकून का समर्थन मूल्य बढ़ाने को मंजूरी

देहरादून। सरकार ने रेशम कोकून का समर्थन मूल्य बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में आयोजित हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। शासन के सूत्रों ने बताया कि बैठक में एक ही प्रस्ताव पेश किया गया, जिसे मंजूरी दे दी गई। इसके अलावा आपदा प्रबंधन विभाग की तरफ से मानसून सीजन की तैयारियों का प्रजेंटेशन भी रखा गया। कोकून का समर्थन मूल्य बढ़ने से राज्य के रेशम उत्पादकों को फायदा होगा और उन्हें अच्छी कीमत मिल पाएगी। राज्य में अभी तक ए श्रेणी के रेशम कोकून की कीमत 400 रुपए प्रति किलो थी जिसे बढ़ाकर 440 रुपए कर दिया गया है। जबकि बी ग्रेड के रेशम कोकून की कीमत अभी तक 370 रुपए थी जिसे बढ़ाकर अब 395 रुपए प्रति किलो किया गया है। सी ग्रेड के रेशम कोकून की कीमत अभी तक 280 रुपए प्रति किलो थी जिसे 10 रुपए बढ़ाकर 290 रुपए प्रति किलो कर दिया गया है। डी ग्रेड के रेशम कोकून की कीमत 230 रुपए प्रति किलो से बढ़ाकर 240 रुपये प्रति किलो कर दी गई है। बैठक में आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से राज्य में मानसून सीजन में आपदा से निपटने के लिए की गई तैयारियों का प्रजेंटेशन भी दिखाया गया। जिसमें कैबिनेट को आपदा से निपटने की तैयारियों के बारे में जानकारी दी गई।

# सम्पादकीय

## लॉग—इन जानकारियां लीक होना खतरा

वह कंपनी ही क्या जिसके डेटाबेस तक साइबर अपराधियों की खुली पहुंच हो जाए। गूगल, फेसबुक और एप्पल सहित तमाम कंपनियों ने अपनी लापरवाही से आपकी सारी निजी जानकारी गलत हाथों में पड़ जाने का खतरा पैदा कर दिया है। अपराधी इसका कैसा इस्तेमाल करेंगे और उसका आपके जीवन पर कैसा असर होगा यह सोच कर ही रूह कांप जाती है। कल तक जो आशंका मात्र थी वह अब भयावह सच में बदलने जा रही है। साइबर सुरक्षा संस्थान साइबर न्यूज का कहना है कि अरबों की संख्या में 'लॉग—इन क्रेडेंशियलइ लीक होने के बाद ऑनलाइन डेटासेट में संकलित हो गए हैं, जिससे अपराधियों को उपयोगकर्ताओं के खातों तक पहुंच मिल गई है। इससे न बैंक खाते सुरक्षित रहेंगे और न आपकी अन्य निजी जानकारियां जैसे चिकित्सकीय ब्योरे इत्यादि। हर वह खाता खतरे में है जिसे आप कंप्यूटर या मोबाइल पर किसी काम के लिए बनाते हैं। आपके ईमेल के जरिए किए गए संवाद व पत्र व्यवहार अपराधियों की जद में होंगे। आपकी ऑनलाइन खरीद, रुचियां अैरअन्य कार्य अपराधियों की जानकारी में होंगे। वे आपको धमका सकते हैं, ब्लैकमेल कर सकते हैं, यहां तक कि आपको आत्मघाती कदम उठाने पर भी मजबूर कर सकते हैं। साइबरन्यूज शोधकर्ताओं ने 30 डेटासेट का पता लगा है, जिनमें से प्रत्येक में बड़ी संख्या में लॉग—इन जानकारी दी गई है। कुल मिला कर 16 अरब से अधिक लॉग—इन जानकारियां लीक हुई हैं, जिनमें गूगल, फेसबुक और एप्पल समेत कई लोकप्रिय प्लेटफॉर्म के उपयोगकर्ताओं के पार्सवड शामिल हैं। इतनी लाग—इन जानकारियां लीक हो चुकी हैं, जो दुनिया की आबादी के दो गुने से भी ज्यादा हैं। इसका मतलब हुआ किप्रभावित उपभोक्ताओं के एक से अधिक खातों की जानकारी लीक हुई है। चौंकाने वाली बात यह है कि लॉग—इन जानकारी लीक होने की सूचना किसी एक स्रेत से नहीं आई है यानी ऐसा नहीं है कि किसी एक कंपनी को निशाना बना कर जानकारी लीक गई हो। लगता है कि अलग—अलग समय पर डेटा चुराया गया और इक्ा लीक किया गया। साइबरन्यूज का कहना है कि कई तरह के 'इंफोस्टीलर्स इसके लिए सबसे अधिक जिम्मेदार हैं। 'इंफोस्टीलर ऐसा सॉफ्टवेयर होता है जो पीड़ित के डिवाइस या सिस्टम में सेंध लगा कर संवेदनशील जानकारी चुरा लेता है। इस हरकत के लिए किसी भी प्लेटफार्म को बख्शा नहीं जाना चाहिए।

## रैंकिंग में पश्चिम बंगाल पिछड़ा

भारत के बड़े राज्यों के लिए जारी वर्ष 2025 की नई रैंकिंग में महाराष्ट्र का पहले स्थान और पश्चिम बंगाल का 13वें स्थान पर रहना बहुत अखरने वाली बात नहीं है। चिंता की बात यह है कि पश्चिम बंगाल में अगले वर्ष विधानसभा चुनाव हैं। रैंकिंग में पिछड़ना राज्य में सत्तारूढ़ टीएमसी की छवि खराब कर सकता है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी केअरएज के अनुसार बड़े राज्यों में महाराष्ट्र शीर्ष पर रहा जबकि गुजरात को दूसरा, कर्नाटक को तीसरा, तेलंगाना को चौथा और तमिलनाडु को पांचवां स्थान मिला। एजेंसी रैंकिंग का निर्धारण सात प्रमुखबिंदुओं के आधार पर करती है। इनमें आर्थिक, राजकोषीय, बुनियादी ढांचा, वित्तीय विकास, सामाजिक, शासन और पर्यावरण के पहलुओं पर राज्यों के कामकाज को परखा जाता है। केअरएज के अनुसार राज्यों की समग्र रैंकिंग में महाराष्ट्र 56.5 अंकों के समग्र सूचकांक के साथ शीर्ष पर रहा, जबकि पश्चिम बंगाल कुल 17 बड़े राज्यों में 38.9 अंक के साथ 13वें स्थान पर रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि बिहार 34.8 के समग्र सूचकांक के साथ 17वें स्थान पर रहा जो झारखंड और मध्य प्रदेश से थोड़ा पीछे है। रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिणी राज्यों कर्नाटक, तेलंगाना और तमिलनाडु ने आर्थिक, वित्तीय विकास, पर्यावरण और शासन मापदंडों पर अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं छोटे, पहाड़ी और पूर्वोत्तर राज्यों से गोवा वित्तीय विकास, बुनियादी ढांचे, सामाजिक, आर्थिक एवं राजकोषीय मापदंडों में अच्छे अंक के साथ सबसे आगे रहा। बुनियादी ढांचे के मोर्चे पर पश्चिम बंगाल बड़े राज्यों की श्रेणी में आठवें स्थान पर रहा जबकि पंजाब शीर्ष पर और उसके बाद हरियाणा और तेलंगाना रहे।

# बनी होप कैच अवैध करार

**एमसीसी द्वारा बनाए नए नियम के हिसाब से कोई खिलाड़ी बाउंड्री लाइन पर मौजूद फील्डर यदि कैच पकड़ने के लिए उछलता है और वह गेंद पकढ़ते समय समझता है कि वह सीमा रेखा के बाहर जा रहा है तो वह गेंद को उछालकर सीमा रेखा के अंदर पकड़कर ही कैच पूरा कर सकता है। अगर वह गेंद सीमा रेखा के बाहर उछालकर और फिर बाहर जाकर हवा में रहते हुए, फिर से गेंद को अंदर उछालकर पड़ता है तो इस कैच को मान्य नहीं माना जाएगा। इसके अलावा खिलाड़ी ने बाउंड्री लाइन से बाहर जाकर हवा में रखकर गेंद उछाली तो खुद उसे ही मैदान में अंदर आकर पकड़ना होगा। अगर कोई दूसरा फील्डर इस मैच को पकड़ता है तो इसे अमान्य कर दिया जाएगा। क्रिकेट नियमों बदलाव एक अनवरत प्रक्रिया है।**

**मनोज चतुर्वेदी**

पिछले साल टी–20 विश्व कप के फाइनल में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने डेविड मिलर का कैच पकड़कर पांसा पलट दिया था। इस कैच को यादगार कैचों में शुमार किया जाता है। पर रोमांच पैदा करने वाले इस तरह के कैच अब देखने को नहीं मिलेंगे। बनी होप कहलाने वाले इन कैचों को आईसीसी के नियम बनाने वाली संस्था मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने अवैध करार दे दिया है। इस तरह के कैचों के लिए अब नया नियम बना दिया है।

एमसीसी द्वारा बनाए नए नियम के हिसाब से कोई खिलाड़ी बाउंड्री लाइन पर मौजूद फील्डर यदि कैच पकड़ने के लिए उछलता है और वह गेंद पकढ़ते समय समझता है कि वह सीमा रेखा के बाहर जा रहा है तो वह गेंद को उछालकर सीमा रेखा के अंदर पकड़कर ही कैच पूरा कर सकता है। अगर वह गेंद सीमा रेखा के बाहर उछालकर और फिर बाहर जाकर हवा में रहते हुए, फिर से गेंद को अंदर उछालकर पड़ता है तो इस कैच को मान्य नहीं माना जाएगा। इसके अलावा खिलाड़ी ने बाउंड्री लाइन से बाहर जाकर हवा में रखकर गेंद उछाली तो खुद उसे ही मैदान में अंदर आकर पकड़ना होगा। अगर कोई दूसरा फील्डर इस मैच को पकड़ता है तो इसे अमान्य कर दिया जाएगा। क्रिकेट नियमों बदलाव एक अनवरत प्रक्रिया है।

खेल को और रुचिकर बनाने के उद्देश्य से नियमों में बदलाव हमेशा ही होते रहे हैं। इन नियमों में बदलाव का उद्देश्य एक तो बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों में संतुलन बनाए रखना होता है। पिछले कुछ सालों में बनी होप कैचों ने क्रिकेट में नया रोमांच तो पैदा किया है। पर कई बार दर्शकों को लगता है कि यह बल्लेबाजों के प्रति अन्याय है और जिस शॉट पर उसे छक्का मिलना चाहिए था, उस पर उसे आउट दे दिया गया। 2023 की बिग बैश लीग में माइकल नेसर द्वारा पकड़े एक कैच पर सवाल उठे।

इसी तरह बिग बैश लीग में ही 2020 में मैथ्यूवेड के कैच को लेकर भी सवाल उठे तो इस पर आईसीसी ने कैच के इस नियम की एमसीसी से समीक्षा करने को कहा था। एमसीसी ने समीक्षा के दौरान पाया कि यदि गेंद को उछालने वाला ही मैदान में अंदर आकर कैच पकड़े तब ही कैच मान्य होगा। मैथ्यू वेड के कैच मामले में मैट रैनशॉ बाहर से अंदर गेंद उछालने के बाद खुद बाहर ही गिर गए थे। अब नये नियम में सिर्फ एक बार ही गेंद को हवा में उछाला जा सकेगा। यह नियम श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच 17 जून से गॉल में खेले जाने वाले टेस्ट से लागू होगा। असल में इस टेस्ट से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की नई साइकिल शुरू हो रही है।एमसीसी अधिकृत तौर पर इस नियम को अक्टूबर 2026 से लागू करेगा। आईसीसी क्रिकेट को लोकप्रिय बनाने के लिए नियमों में बदलाव करता रहता है। इस सोच का ही नतीजा है कि टेस्ट मैचों से शुरुआत के बाद यह वनडे और टी–20 प्रारूप तक आ पहुंचा है। साथ ही आईसीसी की क्रिकेट समिति भी समय–समय पर हालात के हिसाब से नियमों में बदलाव करती रहती है। जिस तरह कोविड के समय में लार के माध्यम से वह फैल सकता था, तो गेंद की चमक बनाए रखने के लिए लार के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी। इसके लिए गेंदबाजों ने पसीने का इस्तेमाल करना शुरू किया, लेकिन लार के इस्तेमाल पर रोक से गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग में दिक्कत आने लगी, क्योंकि वह गेंद की एक साइड को चमका नहीं पा रहे थे।पर आईपीएल के इस सत्र में लार के इस्तेमाल की छूट दे दी गई। हम सभी जानते हैं कि क्रिकेटप्रेमियों को स्टेडियम तक खींचकर लाने में बल्लेबाजों के विस्फोटक अंदाज की सबसे अहम भूमिका होती है। ऐसा नहीं है कि क्रिकेटप्रेमी अच्छी गेंदबाजी को पसंद नहीं करते हैं। पर उन्हें मजा चौके–छक्के देखने में ही आता है। इस कारण ज्यादातर नियम बल्लेबाजों के पक्ष वाले ही होते हैं, क्योंकि ज्यादा से ज्यादा लोगों के मैच देखने का आईसीसी की कमाई से सीधा संबंध होता है। पर आईसीसी इस बात का ख्याल भी रखता है कि बल्लेबाजी और गेंदबाजी में संतुलन बना रहे।

इसी को ध्यान में रखकर वनडे मैचों में दो गेंदों के इस्तेमाल की शुरुआत हुई, क्योंकि पहले गेंद पुरानी होते ही बल्लेबाज हावी हो जाया करते थे। पर एमसीसी ने दो गेंदों के नियम में भी थोड़ा बदलाव किया है। अभी तक 50 ओवर के मैच में एक गेंद से 25 ओवर फेंके जाते थे। पर नए नियम के मुताबिक वनडे मैचों में 34 ओवर तक दो गेंदों से गेंदबाजी होगी और बाकी 16 ओवरों के लिए फील्डिंग टीम इन दो गेंदों में से किसी एक गेंद का इस्तेमाल कर सकेगी।

आईसीसी ने कुछ सालों पहले खेल रहे किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर उसकी जगह खिलाड़ी देने के लिए कन्कशन नियम बनाया था। इसमें खिलाड़ी के चोटिल होने पर ही बताया जाता था कि उसकी जगह किसे खिलाएंगे, लेकिन अब टीमों को मैच शुरू होने से पहले मैच रेफरी को कन्कशन के लिए पांच खिलाड़ियों की सूची सौंपनी होगी। इसमें एक बल्लेबाज, एक कीपर, एक तेज गेंदबाज, एक स्पिनर और एक ऑलराउंडर का नाम शामिल करना होगा।

## वेबकास्टिंग फुटेज सार्वजनिक करना सही नहीं

चुनाव आयोग ने कहा है कि मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग फुटेज सार्वजनिक करना सही नहीं है। इससे मतदाताओं या समूहों की पहचान करना आसान हो जाएगा। मत देने या मत न देने वाला, दोनों ही असामाजिक तत्वों के दबाव, भेदभाव या धमकी का शिकार हो सकते हैं। यह मतदाताओं की सुरक्षा, गोपनीयता व जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950—51 में निर्धारित कानूनी प्रावधानों व सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन होगा। लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को दिए जवाब में आयोग ने यह कहा जिसमें चुनाव धांधली के आरोपों के बाद सीसीटीवी फुटेज की मांग की गई थी। इससे पहले गांधी ने सोशल माडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, वोटर लिस्ट? मशीन रीडेबल फाम्रेट नहीं देंगे, सीसीटीवी फुटेज? कानून बदल कर छिपा दी। आगे उन्होंने लिखा—साफ दिख रहा है—मैच फिक्स है और फिक्स किया गया चुनाव, लोकतंत्र के लिए जहर है। दरअसल, आयोग के अनुसार, चुनाव के दौरान ली गई तस्वीरें, वीडियो व बेवकास्टिंग सिर्फ पैंतालीस दिन तक सुरक्षित रखी जाएंगी। किसी निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव नतीजों को अदालत में चुनौती नहीं दी जाती तो पैंतालीस दिन बाद यह डाटा नष्ट कर दिया जाएगा। कांग्रेस इसका शुरू से ही दोहरा रही है कि यह डाटा साल भर तक सुरक्षित रखा जाता था। कांग्रेस इसे चुनाव आयोग व मोदी सरकार की मिली—भगत ठहराते हुए लोक तांत्रिक व्यवस्था को खत्म करने की साजिश बता रही है। बेशक, आयोग के तर्क अपनी जगह उचित हैं मगर उसे सरकार के दबाव में आए बगैर अपनी स्वायत्तता का ख्याल रखना चाहिए। विपक्षी दलों की दलीलें सुनना उसका जिम्मा है। आशंकाओं व चिंताओं को मिटाने के प्रति उसे जवाबदेह भी होना होगा। लोकतांत्रिक व्यवस्था में न केवल विपक्षी राजनीतिक दल, बल्कि स्वयं मतदाता भी अपनी जिज्ञासाएं रखने को स्वतंत्र है। मतदाताओं की सुरक्षा व गोपनीयता निश्चित रूप से बेहद जरूरी हैं। मगर अपने उम्मीदवार के पक्ष—विपक्ष या धांधली के आरोपों की पुष्टि कराना भी दलों का जिम्मा है। अव्वल तो गांधी को बगैर सबूतों के इतने गंभीर आरोप लगाने से बचना चाहिए परंतु आयोग को भी उनकी आशंकाएं मिटाने का भरपूर प्रयास करना होगा। पैंतालीस दिन किसी भी आशंका या आरोप के लिए कम नहीं कहे जा सकते। आयोग को वरिष्ठ पदाधिकारियों को बुला कर अति सुरक्षित व गोपनीय व्यवस्था में विवादित फुटेज दिखाने का प्रावधान भी जोड़ना होगा। लोकतांत्रिक व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही अति आवश्यक है।

# तबाही और भूस्खलन से लोगों की परेशानियां बढ़ी

**कुमायूं और गढ़वाल दोनों स्थानों पर औसत बारिश 2000 मिली मीटर के आसपास है।वारिस के दिनों पानी 3000 मीटर की उंचाई से आता है और उसकी ग्रैविटी अधिक होती है जो भूस्लखन का कारण बनती है।पहाड़ कच्चे है जियोलॉजी की भाषा में डिसेंट्रीग्रेटेड रॉक है ।भवनों, सुरंगों,सड़कों के निर्माण के कारण पहाड़ पोली या दरक गए हैं और पानी के तेज बहाव से गिर जाते हैं।कभी कभी पानी भारी सिल्ट लेकर बहते हैं जैसा पिछली बार ब्यास नदी ने मनाली में तबाही मचाई थी।**



**अजय दीक्षित**

उत्तर भारत में विशेषकर उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर में भारी बारिश से तबाही का मंजर देखने को मिलता है और यह प्रतिवर्ष होता है। उत्तर-ाखण्ड और हिमाचल प्रदेश

सड़क,भवन,रास्तों,को भारी नुक्सान होता है। जुलाई, अगस्त, सितंबर,में उत्तरकाशी, गढ़वाल,टिहरी, रानीखेत, अल्मोड़ा,मंडी, बिलासपुर, शिमला, नैनीताल, देहरादून आदि जिलों में भीषण तबाही होती है।यह सिलसिला विगत तीस साल से बढ़ा है क्योंकि इन क्षेत्रों में तीस लाख पेड़ विकास के नाम पर दस साल में काटे गए हैं। बेहतासा बढ़ते पर्यटन को देखते हुए इन क्षेत्रों में सरकारों ने सड़कों का निर्माण किया है और व्यवसायियों ने होटलों का निर्माण किया है।

अकेले शिमला, नैनीताल में २०० होटल है जिनसे पहाड़ों पर वजन बढ़ा है और वारिस के दिनों लैंड स्लाइड्स का खतरा भी हजारों प्रतिशत बड़ा है।भवनों ,बाजारों में अतिक्रमण हो गया है जो पूरे भारत की लाइलाज बीमारी है।

**पर्वतीय क्षेत्र शोध संस्थान देहरादून के जलवायू शोध कर्ता**

एस जयशंकर कहते हैं कि पहाड़ों पर हरित क्षेत्रों के चलते यहां नमी अधिक रहती है इसके अलावा तापक्रम भी कम रहता है इस कारण वारिस बहुत और तेज होती है । कुमायूं और गढ़वाल दोनों स्थानों पर औसत बारिश 2000 मिली मीटर के आसपास है।वारिस के दिनों पानी 3000 मीटर की उंचाई से आता है और उसकी ग्रैविटी अधिक होती है जो भूस्लखन का कारण बनती है।पहाड़ कच्चे है जियोलॉजी की भाषा में डिसेंट्रीग्रेटेड रॉक है ।भवनों, सुरंगों,सड़कों के निर्माण के कारण पहाड़ पोली या दरक गए हैं और पानी के तेज बहाव से गिर जाते हैं।कभी कभी पानी भारी सिल्ट लेकर बहते हैं जैसा पिछली बार ब्यास नदी ने मनाली में तबाही मचाई थी।

**सरकारों की पर्यटन को पर्यावरण से समन्वय बिठाना चाहिए**

पहाड़ों के दूर दराज के गांव में लैंड स्लाइड्स नहीं होते हैं क्योंकि वे सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखकर भवन पगडंडी, पुल बनाते हैं जिसमें अधिकतर लकड़ी के हल्के होते हैं। लेकिन पूरे उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश में कंक्रीट के जंगल खड़े कर दिए हैं।

पूरे जम्मू कश्मीर में हालत इतने खराब नहीं जितने उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश में हैं उसका कारण है कि घाटी में पचास साल से तो विकास नहीं हुआ क्योंकि वहां पर आतंकवाद था पर्यटकों का आना जाना नहीं था।तो विकास भी नहीं हुआ। कश्मीर घाटी में अगर श्री नगर को छोड़ दें तो वहां सभी मकान लकड़ी के है।

पूरा उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश भूकंप की जद में है।क्योंकि इन क्षेत्रों की टाइटेनिक प्लेट का खिसकने का खतरा बढ़ गया है।अगर कभी भूकंप 8 रैकेटियर स्केल पर आ गया तो तबाही मचा देगा। बांधो के निर्माण से भी खतरा बढ़ गया है।

# कमजोर हूं, पर कम नहीं, पिता को हक दिलाने के लिए एबनॉर्मल लड़की ने ज्वाइन की आर्मी



तन्वी द ग्रेट का बेहतरीन और रोंगटे खड़े कर देने वाला ट्रेलर रिलीज हो गया है. तन्वी द ग्रेट के प्रोड्यूसर और डायरेक्टर खुद अनुपम खेर हैं, जो फिल्म में अहम किरदार में हैं. तन्वी द ग्रेट आगामी 18 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होने के लिए तैयार है. अनुपम की यह फिल्म लंबे समय से चर्चा में हैं और आखिरकार आज फिल्म का ट्रेल रिलीज हो चुका है.फिल्म के ट्रेलर की शुरुआत काफी धीमी होती है और लगता है जैसे कि इस फिल्म को कौन देखेगा. अगले ही मिनट में फिल्म का ट्रेलर इतना इंटरेस्टिंग हो जाता है कि देखने के बाद मन में यही ख्याल आएगा कि 18 जुलाई कब आएगी. ट्रेलर से साफ हो गया है कि फिल्म की कहानी एक ऐसी लड़की की है, जो दिमागी तौर पर नॉर्मल नहीं दिखती है. उसके पिता आर्मी में थे, जो शहीद हो गए, लेकिन शहीदों के सम्मान के दौरान जब उसके पिता के नाम का कोई जिक्र नहीं हुआ, तो उसने ठान लिया कि वह भी एक आर्मी ज्वाइन करेगी. हालांकि वह संगीत सीख रही थी, लेकिन अब वह अपने पिता को सम्मान दिलाने के लिए आर्मी ज्वाइन कर लेती है. फिल्म तन्वी द ग्रेट ने दुनियाभर में अपना जलवा दिखा दिया है. ये फिल्म कान्स फिल्म फेस्टिवल और न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल जैसे बड़े मंचों पर दिखाई जा चुकी है. इंटरनेशनल फेस्टिवल्स में इसे खूब सराहा गया है और शुरुआत से ही फिल्म को शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है. अनुपम खेर ने कहा, मैं हमेशा से एक्सेल एंटरटेनमेंट की शानदार कहानियों और सोच का प्रशंसक रहा हूं. तन्वी द ग्रेट के लिए उनका साथ मिलना बेहद खुशी की बात है. उनके जुड़ने से इस प्रेरणादायक फिल्म को और ऊंचाइयों तक ले जाने का हमारा सफर और मजबूत हुआ है.

# ऋचा घोष ने रचा इतिहास, इंग्लैंड के खिलाफ अर्धशतकीय पारी खेल बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड



नई दिल्ली,। भारतीय महिला क्रिकेट टीम और इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम के बीच मंगलवार देर रात 11 बजे से पांच टी20 मैचों की सीरीज का दूसरा टी20 मैच ब्रिस्टल के मैदान पर खेला गया. इस मैच में भारत ने इंग्लैंड को 24 रनों से हरा दिया. भारत ने इंग्लैंड में जाकर इंग्लैंड को पहली पारी लगातार 2 टी20 मुकाबले में हराया है.भारतीय महिला क्रिकेट टीम की इस जीत में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष का भी योगदान रहा. उन्होंने जब भारत इंग्लैंड के सामने टारगेट सेट करने वाला था उस समय बल्ले के साथ 20 बॉल में 6 चौकों की मदद से 32 रनों की तेज–तर्रार नाबाद पारी खेली. इस पारी के साथ ही उन्होंने इतिहास रच दिया. उनकी 32 रनों की पारी से उन्होंने वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया. इस पारी के साथ ऋचा घोष ने टी20 इंटरनेशनल में अपने 1000 रन पूरे कर लिए हैं. इसके साथ ही वो फुल मेंबर्स देशों में सबसे तेज 1000 रन पूरे करने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं हैं. ऋचा ने 702 गेंदों में 1000 रन बनाकर साउथ अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज क्लोए ट्रेयोन को पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने 720 गेंदों में 1000 टी20 इंटरनेशनल रन बनाए थे. इसके साथ ही ऋचा घोष फुल और नॉन फुल मेंबर्स देशों में सबसे कम बॉल में सबसे तेज 1000 टी20 रन बनाने वाली दूसरी महिला खिलाड़ी बन गईं हैं. वो आइल ऑफ मैन देश की लूसी बारनेट के बाद दूसरे नंबर पर मौजूद हैं. लूसी ने ये कारनामा 700 गेंदों में किया है. ऋचा घोष ने 16 साल की उम्र में भारत के लिए डेब्यू किया था. वो 64 टी20 मैचों की 53 पारियों में अब तक 27.81 के औसत से 1029 रन बना चुकी हैं. इस दौरान उनके बल्ले से 2 अर्धशतक भी निकले हैं.

इस मैच में हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 181 रन बनाए. भारत की ओर से जेमिमा रोड्रिगेज और अमनजोत कौर ने 63–63 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली. ये अमनजोत कौर का पहला टी20 अर्धशतक हैं. इंग्लैंड की टीम 182 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट गंवाकर सिर्फ 157 रन बना पाई और 24 रनों से मैच हार गई. भारत के लिए श्री चरणी ने 2 और दीप्ति शर्मा व अमनजोत कौर को 1–1 विकेट मिला.

# बॉक्स ऑफिस पर विष्णु मांचू की कन्नप्पा के कारोबार में बढ़ोतरी, तीसरे दिन हुई इतनी कमाई



अभिनेता विष्णु मांचू की फिल्म कन्नप्पा को 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। समीक्षकों की तरफ से इस फिल्म को हरी झंडी मिली, वहीं दर्शक भी दिल खोलकर फिल्म की कहानी और विष्णु की अदाकारी की तारीफ कर रहे हैं। इसके बावजूद बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा रही है। अब फिल्म कन्नप्पा के तीसरे दिन की कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं, जिसमें मामूली बढ़त देखने को मिली है।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, कन्नप्पा के खाते में तीसरे दिन यानी पहले रविवार को 7.25 करोड़ रुपये आइए हैं। इसी के साथ अब भारत में इस फिल्म की कुल कमाई 23.75 करोड़ रुपये हो गई है। कन्नप्पा ने 9.35 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की थी, वहीं दूसरे दिन यह फिल्म 7.15 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। इस फिल्म को आप तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम, हिंदी और अंग्रेजी भाषा में देख सकते हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर फिल्म मां की कमाई में मामूली बढ़त, तीसरे दिन जुटाए इतने करोड़ रुपये

काफी समय से अभिनेत्री काजोल फिल्म मां को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। आखिरकार उनकी यह फिल्म बीते 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म की कहानी को भले ही दर्शकों के साथ–साथ समीक्षकों से मिली–जुली प्रतिक्रिया मिली हो, लेकिन काजोल ने अपनी कमाल की अदाकारी के लिए जमकर वाहवाही लूटी। अब फिल्म मां के तीसरे दिन की कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं, जिसमें मामूली बढ़त देखने को मिली है।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म मां ने अपनी रिलीज के तीसरे दिन यानी पहले रविवार को 6.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 17.40 करोड़ रुपये हो गया है। इस फिल्म ने 4.65 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर औसत शुरुआत की थी, वहीं दूसरे दिन यह फिल्म 6 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही।

# चैंपियंस लीग टी—20 है वापसी के लिए तैयार, 2026 से शुरू हो सकता है टूर्नामेंट



नईदिल्ली,वैश्विक फ्रेंचाइजी क्रिकेट को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। सालों से बंद पड़ी चैंपियंस लीग टी–20 क्रिकेट अब एक नए रूप में वापसी करने जा रही है। यह टूर्नामेंट अब वर्ल्ड क्लब चैंपियनशिप के नाम से 2026 में शुरू होगा। इस बार इसका ढांचा पहले की चैंपियंस लीग की तरह ही होगा, जिसमें दुनिया भर की प्रमुख टी–20 लीगों की खिताब जीतने वाली टीमें हिस्सा लेंगी। कई सालों से फैंस इसकी वापसी की उम्मीद कर रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, इससे घरेलू टी–20 क्रिकेट को एक वैश्विक मंच मिलेगा, जहां दुनिया की बेहतरीन फ्रेंचाइजी आपस में भिड़ेंगी। माना जा रहा है कि इस नई लीग में इंडियन प्रीमियर लीग, बिग बैश लीग, पाकिस्तान सुपर लीग, साउथ अफ्रीका टी–20 लीग और द हंड्रेड जैसी प्रमुख लीगों की चैंपियन टीमें आमने–सामने होंगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड इसको लेकर तैयार हो चुके हैं। लीग की वापसी को मजबूत समर्थन मिलता दिख रहा है। रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई और ईसीबी दोनों इसके पक्ष में हैं और इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन जय शाह ने भी इसे मंजूरी दी है। खास बात यह है कि ईसीबी इस बार पारंपरिक टी–20 क्रिकेट लीग की बजाय द हंड्रेड के चैंपियन को शामिल करने की वकालत कर रहा है, जो दर्शाता है कि अब पूरा ध्यान अधिक आकर्षक और नए प्रारूपों की ओर बढ़ रहा है।

हाल ही में ईसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड ने संकेत दिया कि इस प्रकार की प्रतियोगिता अब लगभग तय मानी जा सकती है। उन्होंने कहा था, यह योजना में शामिल है। इसमें कोई संदेह नहीं कि आने वाले समय में पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए एक वर्ल्ड क्लब चैंपियनशिप होगी। यही अगला स्वाभाविक कदम है। उनका यह बयान लीग की वापसी की संभावनाओं को और मजबूत करता है।

## एक नजर

### 11 जुलाई से शुरू होगी मुक्त विवि की परीक्षाएं

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षाएं आगामी 11 जुलाई से शुरू होंगी। विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा निष्पक्ष व पारदर्शी रखने के लिए उड़न दस्ते का गठन किया गया है। मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय निदेशक प्रो. एमसी पुरोहित ने बताया कि पौड़ी क्षेत्र के 9 विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा कराई जाएगी। परीक्षा भवन में मोबाइल फोन या किसी भी प्रकार के इलैक्ट्रोनिक संचार उपकरणों को लाना सख्त मना है।

### कथित लव जिहाद घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग

श्रीनगर गढ़वाल : देवप्रयाग तहसील के भल्ले गांव में कथित लव जिहाद की घटना को लेकर ग्रामीणों ने सामाजिक कार्यकर्ता गणेश भट्ट के नेतृत्व में कीर्तिनगर तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी नीलू चावला को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग के साथ पुलिस सत्यापन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने की अपील की। गणेश भट्ट ने रात 10 बजे के बाद संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी बढ़ाने और सभी इंटर कॉलेजों में लव जिहाद व लैंड जिहाद पर जागरूकता शिविर आयोजित करने की मांग की। ग्रामीणों ने युवाओं को कानूनी और सामाजिक रूप से जागरूक करने की आवश्यकता बताई। इस मौके पर कुलदीप राणा, सुमन लाल, सौरभ शाह, दिवाकर बंगवाल आदि मौजूद रहे।

### महिला का शव बरामद

श्रीनगर गढ़वाल : कोतवाली कीर्तिनगर पुलिस ने जीवीके झील से बुधवार को एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया है। कोतवाली कीर्तिनगर के प्रभारी निरीक्षक देवराज शर्मा ने बताया कि चौकी चौरास के अंतर्गत जीवीके झील में एक अज्ञात महिला शव के तैरने की सूचना प्राप्त हुई थी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने झील से कड़ी मशक्कत के बाद महिला का शव बाहर निकाला। बताया कि शव को शिनाख्त के लिए मेडिकल कॉलेज श्रीनगर की मोर्चरी में रखा गया है। (एजेंसी)

### पुलिस ने वाहन स्वामी को सौंपी बाइक

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर पुलिस ने दूध सप्लाई का काम करने वाले व्यक्ति के चंगुल से वाहन स्वामी को बाइक वापस लौटाई है। चौकी प्रभारी श्रीकोट मुकेश गैरोला ने बताया कि बीते 30 जून को स्थानीय निवासी ललित मोहन ने चौकी में दूध सप्लाई का काम करने वाले युवक अभिषेक के खिलाफ उनकी बाइक को आवश्यक कार्य के लिए मांगने के बाद वापस न लौटाने की शिकायत दर्ज की। पुलिस ने सुराग जुटाते हुए बाइक के साथ अभिषेक को श्रीकोट चौकी लाकर वाहन स्वामी के सुपुर्द किया। बाइक को वापस पाकर ललित मोहन ने पुलिस का आभार जताया। (एजेंसी)

### अफसर समन्वय से करें रिंग रोड के कार्य : डीएम

नई टिहरी : टिहरी झील रिंग रोड निर्माण के संबंध में डीएम नितिका खंडेलवाल ने अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने लोनिवि, पर्यटन विभाग और एडीबी परियोजना से जुड़े अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर इस कार्य को करने के निर्देश दिए। कहा कि टिहरी क्षेत्र के पर्यटन विकास में यह योजना मील का पत्थर साबित होगी। जिला सभागार में आयोजित बैठक में लोनिवि के एसई मनोज बिष्ट ने बताया कि रिंग रोड का कार्य तीन चरण में होगा। प्रथम फेज में कोटी कालोनी-डोबरा चांटी, द्वितीय फेज में डोबरा-पीपलडाली जबकि तृतीय फेज में पीपलडाली-घनसाली क्षेत्र शामिल है। बताया कि प्रथम फेज में कोटी कालोनी-डोबरा चांठी रिंग रोड को पर्यटन विभाग के पर्यवेक्षण में उनके माध्यम से बनाया जाना है। जिसमें भूमि अधिग्रहण के बाद लोनिवि निर्माण कार्य करेगा। परियोजना में 9 गांव लाभान्वित होंगे।

### पंचायत चुनाव के लिए बनाया कंट्रोल रूम

नई टिहरी : जनपद टिहरी गढ़वाल में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 के सफल संचालन व समस्त सूचनाओं के आदान-प्रदान को कन्ट्रोल रूम नई टिहरी स्थित विकास भवन के कक्ष संख्या एसएफ-2 में बनाया गया है। कन्ट्रोल रूम के दूरभाष फोन नम्बर 01376-232884 एवं मोबाइल नम्बर 7454029879 है। कन्ट्रोल रूम में ईई लघु सिंचाई बृजेश कुमार गुप्ता को नोडल अधिकारी तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रेष्ठा भाकुनी एवं उपेन्द्र प्रताप सिंह को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। (एजेंसी)

# फ्लश डोर फैक्ट्री की दुर्दशा पर नागरिक मंच ने दिया धरना

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कौड़िया स्थित फ्लश डोर फैक्ट्री की दुर्दशा पर नागरिक मंच ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि सरकारी सिस्टम की अनदेखी के कारण फैक्ट्री बदहाली की स्थिति में पहुंच गई है। मंच ने धरना देते हुए जल्द व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई। कहा कि इस तरह की लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बुधवार को मंच ने धरना दिया। पदाधिकारियों ने कहा कि फैक्ट्री जनप्रतिनिधियों के ढ़ीले रवैये के चलते स्थान खंडहर में तब्दील हो गया है। मंच अध्यक्ष सीपी नैथानी ने कहा कि यह भूमि पहले सेना की भूमि थी। इस भूमि को फैक्ट्री की स्थापना के लिए लीज पर लिया गया था। फैक्ट्री के बंद होने के बाद भूमि पर्यटन विभाग को हस्तांतरित की गई। तत्पश्चात विभाग ने एडीबी के सहयोग से यहां पर आधुनिक रिसोर्ट बनवाया, लेकिन रिसोर्ट बनने के बाद भी फैक्ट्री भवन का कुछ हिस्सा बचा है, जो खंडहर में तब्दील हो गया है। वहीं धरने में मौजूद फैक्ट्री के प्रबंधक रहे सूर्यनारायण पांडे ने कहा कि फैक्ट्री में बनने वाले दरवाजों की बाजार में मांग बहुत थी, लेकिन कमीशन देने की व्यवस्था न होने के कारण दरवाजों की बिक्री प्रभावित हुई, साथ ही शासन-प्रशासन के ध्यान न देने के कारण फैक्ट्री बंद हो गई। वक्ताओं ने कहा कि एक ओर जहां सरकारी कार्यालयों के निर्माण के लिए स्थान नहीं मिल पा रहा है, वहीं फैक्ट्री का बना बनाया भवन खंडहर बन गया। तय किया गया कि इस संबध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए क्षेत्रीय सामाजिक संगठनों के सहयोग से पहले सामूहिक धरना और बाद में क्रमिक धरना दिया जायेगा। धरने में मंच महासचिव अतुल भट्ट, हरीश भदूला, आरपी पंत, प्रवेश नवानी, गोविंद डंडरियाल, राकेश लखेड़ा, राजेंद्र सिंह नेगी, दिनेश जुयाल, देवव्रत काला, विजय माहेश्वरी और प्रमोद बंसल सहित मंच के अन्य सदस्यों ने प्रतिभाग किया।



कोटद्वार में धरना देते नागरिक मंच के सदस्य

## बंद सड़कों को लोनिवि ने यातायात के लिए खोला

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल की बंद सभी बीस सड़कों को लोक निर्माण विभाग ने बुधवार को यातायात के लिए खोल दिया है। बता दें कि भारी बारिश की वजह से मंगलवार को जिले में दो दर्जन सड़कों पर यातायात अवरुद्ध हो गया था। जिस कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बुधवार को बारिश नहीं होने से भी आम लोगों ने कुछ राहत की सांस ली। वहीं लोनिवि को भी बंद सड़कों को खोलने में परेशानी नहीं हुई। मंगलवार को 13 सड़कों पर यातायात को रुक-रुक कर हो रही बारिश की वजह से नहीं खोला जा सका था। इस बीच रात को अन्य सड़कों पर भी मलबा और पत्थरों के आने से वह भी यातायात के लिए बाधित हो गई। लोक निर्माण विभाग ने बुधवार को शाम तक जिले में बंद पड़ी सभी 20 सड़कों को आवाजाही के लिए खोल दिया।

# बारिश से बंद हुई सड़के, ग्रामीणों की बढ़ी समस्या

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश ने ग्रामीणों की चुनौती बढ़ा दी है। बारिश के कारण कई संपर्क मार्ग बंद हो गए हैं। ग्रामीणों को मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा है। ऐसे में बीमार व्यक्तियों को अस्पताल तक पहुंचाने में परेशानी हो सकती है। वर्षा काल में लगातार बारिश का दौर जारी है। कई स्थानों पर रूक-रूककर तेज बारिश हो रही है। जिसके कारण गांव को जोड़ने के लिए बने संपर्क मार्गों में भारी मलबा आ गया था। वर्तमान में चमेठा-धौलखेतखाल मोटर मार्ग, पैयागढ़ी-रजबी-दियोड मोटर मार्ग, पोखी-गुडेथा मोटर मार्ग, मस्टखाल-उतिण्डा-बाडियू मोटर मार्ग, खरीक संपर्क मार्ग, गडियूपुल से पुनेड़ी मोटर मार्ग, नैनीडांडा-हल्दूखाता मोटर मार्ग से पंजई मोझण मोटर मार्ग, नैनीडांडा शंकरपुर मोटर मार्ग, घट्टूघाट चैलूसैण-गुमखाल-लैंसडौन-रिखणीखाल-बीरोंखाल मोटर मार्ग, नौगांव-भूखंडी मोटर मार्ग, लदोखी-मज्याडी मोटर मार्ग, हनुमंती-चंडा-मांडई मोटर मार्ग, मरचूला सराखेत बैजरो पोखरा मोटर मार्ग, चौबट्टाखाल-हुलकीखाल कठूली मोटर मार्ग बंद पड़े हुए हैं। ऐसे में ग्राम सभाओं में रहने वाले ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं वाहन पकड़ने के लिए भी ग्रामीणों को कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा है। यदि समय पर सड़कें नहीं खुली तो चुनौती और अधिक बढ़ सकती है।

# शहर में सिटी बस का संचालन नहीं होने पर समिति ने जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** लगातार शिकायत के बाद भी शहर में सिटी बस का संचालन नहीं होने पर उत्तराखंड विकास समिति ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि शासन-प्रशासन शहर की समस्याओं को लेकर लापरवाह बना हुआ है। उत्तराखंड विकास समिति की बुधवार को जौनपुर स्थित कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक का आरंभ करते हुए समिति सचिव विपुल उनियाल ने कहा कि समिति समय-समय पर क्षेत्रीय समस्याओं को उठाती रहती है, लेकिन समस्याओं का निस्तारण न होने के कारण समिति सदस्यों में रोष व्याप्त है। कहा कि कोटद्वार भाबर क्षेत्र की बढ़ती आबादी और आटो रिक्शा के महंगे किराए को देखते हुए समिति ने शहर में सिटी बस सेवा आरंभ करने की मांग उठाई थी, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इस ओर ध्यान ही नहीं दिया। वक्ताओं ने न्यायालय के आदेश के बाद भी शहर को अतिक्रमण मुक्त करने में विफल रहने पर स्थानीय शासन-प्रशासन के प्रति रोष व्यक्त किया। इस मौके पर बेस अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने, क्षेत्र में मेडिकल कालेज की स्थापना करने, मोटर नगर में आधुनिक बस अड्डा निर्माण करने और सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गौ वंशों को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग भी की गई। बैठक में शशि मोहन उनियाल, जी के बड़थ्वाल, राम सिंह कठैत, उमराव सिंह, अनूप सिंह, विजय नेगी, रघुवीर सिंह, दिनेश रावत, मनमोहन सिंह और नवीन नेगी सहित समिति से जुड़े अन्य लोग मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त कार्मिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए बनाई रणनीति

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : सेवानिवृत्त कर्मचारी संगठन की बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं पर विचार विर्मश किया गया। संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष त्रिलोक सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संघ भवन के निर्माणाधीन कार्यों तथा संगठन की समस्याओं पर भी चर्चा की गई। बुधवार को सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ भवन में आयोजित बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों की गोल्डन कार्ड व इंक्रीमेंट आदि से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की। बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए संगठन की ओर से प्रयास किए जाने को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में संगठन के सचिव सुरेश चंद बड़थ्वाल, महासचिव जसपाल रावत, कोषाध्यक्ष सूर्य प्रकाश भट्ट, झबर सिंह रावत, श्रीधर पंवार, गोपाल सिंह नेगी, पुष्कर सिंह रावत, राजेंद्र नेगी, केदार सिंह गुसांई, राजेंद्र रावत, जवाहर सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

# ऋषि ऐरन अध्यक्ष व विजय कुमार बनें सचिव

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : रोटरी क्लब की ओर से अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी ऋषि ऐरन व सचिव पद की जिम्मेदारी विजय कुमार को दी गई है। इस दौरान क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले चिकित्सकों को भी सम्मानित किया गया। साथ ही नवनियुक्त पदाधिकारियों ने बेहतर समाज सेवा का संकल्प लिया।

जनसंपर्क अधिकारी गोपाल चंद्र बंसल के नेतृत्व में कार्यकारणी का गठन किया गया। प्रवक्ता गोपाल बंसल ने बताया कि अध्यक्ष ऋषि ऐरन, उपाध्यक्ष डीपी सिंह, विजय कुमार, उपसचिव बीना रावत, कोषाध्यक्ष धनेश अग्रवाल, सर्जेंट आर्म्स राजेश गुप्ता, निदेशक क्लब सर्विस अमित अग्रवाल, वोकेशनल सर्विस संजीव अग्रवाल, सामुदायिक सर्विस सचिन गोयल, यूथ सर्विस अनिल भोला, रोटरी फाउंडेशन सर्विस कमल गुप्ता व अनुराग अग्रवाल, वाटर कर्न्सवेशन सर्विस कुलदीप अग्रवाल, पब्लिक ईमेज सर्विस गोपाल बंसल, क्लब काउंसलर वाईपी गिलरा व अनीता चावला को चुना गया। जबकि, क्लब ट्रेनर शरतचंद्र गुप्ता, मेम्बरचिप डवलपमेंट सर्विस मनीष अग्रवाल व डिजीज प्रिवेंशन एण्ड ट्रीटमेंट सर्विस डा. विजय मैठानी को बनाया गया। वर्ष 2025-2026 के लिये मंडल 3100 के अध्यक्ष सीए नितिन अग्रवाल होगे। नवनियुक्त अध्यक्ष ऋषि ऐरन व सचिव विजय कुमार ने क्लब के सभी सदस्यों को बेहतर कार्यों का आश्वासन दिया। कहा कि इस वर्ष विशेष रूप से स्कूलों में कम्प्यूटर, वाटर कूलर, सैनिटरी नैपकिन मशीने देना, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान, पर्यावरण, सड़क सुरक्षा सम्बंधित कार्य करवाए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान डा. एनपी पोखरियाल, डा. वीसी काला, डा. जेसी ध्यानी, डा. विजय बैठानी व सीए अवधेश अग्रवाल, रूचिन सिंघल को सम्मानित किया गया।



आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सको को सम्मानित करते सदस्य

# ट्रस्ट ने मंगलानंद ध्यानी को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : आर्य गिरधारी लाल महर्षि दयानंद ट्रस्ट की ओर से बुधवार को ट्रस्ट से जुड़े और सेनि. अध्यापक मंगलानन्द ध्यानी का 80वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के सदस्यों ने उनके शिवराजपुर आवास पर पहुंचकर उन्हें महर्षि दयानंद सरस्वती स्मृति सम्मान से सम्मानित किया।

वक्ताओं ने कहा कि इंटर कालेज मोटाढ़ाक से शिक्षक पद से सेवानिवृत्ति के बाद वे उत्तराखंड नशाबंदी परिषद, समाज सेवा कल्याण समिति व डू समथिंग सोसाइटी से जुड़कर समाज सेवा कर रहे हैं।

मौके पर मंगलानन्द ध्यानी ने कहा कि आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती का भारत में शिक्षा के विस्तार में महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। कहा कि वे उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में डॉ. सुरेन्द्र लाल आर्य, शंकर दत्त जोशी, शूरबीर खेतवाल, सुदीप बौंठियाल, राजेश्वरी ध्यानी व राहुल रिखाडी सहित ट्रस्ट के अन्य सदस्य मौजूद रहे।


मंगलानंद ध्यानी को सम्मानित करते सदस्य

### उम्र कैद की सजा 14 साल करने पर महिला कांग्रेस भड़की

नई टिहरी : महिला कांग्रेस ने प्रदेश की भाजपा सरकार की ओर से उम्र कैद की सजा 18 साल की बजाय 14 साल किए जाने के निर्णय का महिला कांग्रेस ने विरोध किया है। बुधवार को कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में महिला जिलाध्यक्ष आशा रावत ने आरोप लगाया कि हाल ही में कोर्ट ने अंकिता भंडारी के हत्यारों को उम्र कैद की सजा दी थी। जिसके बाद धामी सरकार ने अब निर्णय लिया है कि उम्र कैद के दोषियों की सजा 18 साल से 14 साल कर दी है। जिससे स्पष्ट है कि भाजपा सरकार की हत्यारों के साथ कितनी हमदर्दी दिखा रही है। साथ ही यह फैसला विभिन्न जघन्य अपराधों में भी नजीर बनेगा। कांग्रेस भाजपा सरकार के चेहरे को जनता के सामने ला कर बेनकाब करेगी।

# बदरीनाथ की यात्रा ने फिर पकड़ी रफ्तार

चमोली : पिछले दो दिनों से मौसम साफ रहने से बदरीनाथ-हेमकुंड यात्रा ने फिर रफ्तार पकड़ी है। कपाट खुलने से लेकर बुधवार तक बदरीनाथ में अभी तक 11 लाख से अधिक यात्री बदरीनाथ दर्शन के लिए पहुंच चुके हैं। जिलाधिकारी डा. संदीप तिवारी ने बताया कि बदरीनाथ यात्रा बरसात के बाद और अधिक बढ़ने की सम्भावना है। बदरीनाथ हाईवे को सुचारु रखने और यात्रियों की हर सम्भव सहायता के लिए चमोली प्रशासन कार्य कर रहा है। बुधवार को चमोली जिले में सुबह से ही मौसम साफ रहने के कारण यात्रा जारी रही। इधर हेमकुंड साहिब की यात्रा भी जोरों पर है। पुलिस प्रशासन द्वारा जारी आकंड़ों के अनुसार तक हेमकुंड साहिब दर्शन यात्रा के लिए 1 लाख 90 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे हैं। पिछले दो दिनों से चमोली जिले में मौसम साफ है। यात्रा भी सामान्य और सुचारु है। बदरीनाथ हाईवे को सुचारु रखने के लिए जिला प्रशासन ने सड़क एजेंसियों को हर समय सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। जेसीबी, पोकलैंड सहित अन्य मशीनों को तैनात किया गया है।

### कार दुर्घटना में तीन घायल

चमोली : बदरीनाथ हाईवे पर पुरसाड़ी के समीप बुधवार को एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस हादसे में तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली कि पुरसाड़ी के निकट एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। सूचना पर चौकी नंदप्रयाग से मौके पर फोर्स पहुंचा। पुलिस ने बताया कार अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई थी। कार दुर्घटना में संदीप सिंह निवासी हरमनी, पवन बिष्ट और पंकज सिंह गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को उपचार हेतु 108 के माध्यम से चिकित्सालय में उपचार के लिए भेजा गया है। (एजेंसी)


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति आर्मी नम्बर- JC-534296Y पद नायब सुबेदार दीपक सिंह के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम सुमन लता (SUMAN LATA) अंकित है, जबकि मेरा सही एवं वास्तविक नाम सुमनलता (SUMANLATA) है। अतः मेरे पति के उपरोक्त सर्विस रिकॉर्ड में मेरा सही एवं वास्तविक नाम सुमनलता (SUMANLATA) दर्ज किया जाय।

**सुमनलता पत्नी दीपक सिंह निवासी ग्राम जडियाना, पो0ओ0 लैन्सडौन, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(01070/21)


# हरेला का संदेश, वोट बनें विशेष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : हरेला का संदेश, वोट बनें विशेष अभियान के तहत पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, यूथ एवं ईको क्लब तथा निर्वाचन साक्षरता क्लब की संयुक्त पहल पर विद्यालय में पूर्व में लगाए गए पौधों की निराई-गुड़ाई की गई।

हरेला महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि एक जुलाई से इकतीस जुलाई तक मनाए जाने वाले हरेला महोत्सव के तहत शिक्षण संस्थाओं के द्वारा विद्यालय परिसर और उसके निकटवर्ती सार्वजनिक स्थानों, ग्राम पंचायत की खाली पड़ी जमीन पर विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जुलाई माह के लिए ह्यहरेला का संदेश-वोट बनें विशेष ह्य थीम निर्धारित की गयी है। इसी थीम के साथ छात्र-छात्राओं ने विद्यालय की वृक्ष वाटिका में बांज और शीशम के पौधों का रोपण करके उत्तराखण्ड में 24 और 28 जुलाई को दो चरणों में होने जा रहे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अपने घर-परिवार, पास-पड़ोस और गांव के लोगों से अनिवार्य रूप से मतदान करवाने का संकल्प लिया।



विद्यालय में पौधों की निराई-गुड़ाई करते विद्यार्थी

# तीस दिवसीय उत्तराखंडी लोकनृत्य कार्यशाला शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : गढ़ज्योति सांस्कृतिक कला मंच द्वारा शहर के रामलीला मैदान में 30 दिवसीय उत्तराखंडी लोकनृत्य कार्यशाला शुरू की गई है। कार्यशाला में लगभग 160 बच्चें प्रतिभाग कर रहे हैं। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए लोकगायक अनिल बिष्ट ने सांस्कृतिक मंच के प्रयासों की सराहना की। लोकगायक मनोज रावत अंजुल ने कहा कि उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचने में मंच अपनी बेहतर भूमिका निभा रहा हैं।

गढ़ज्योति सांस्कृतिक कला मंच के अध्यक्ष भरत सिंह रावत ने बताया कि उत्तराखंड की लोक कलाओं संस्कृति और साहित्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शहर के रामलीला मैदान में गढ़ ज्योति सांस्कृतिक कला मंच पौड़ी द्वारा एक महीने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिसमें नवोदित कलाकारों को विभिन्न प्रकार की नृत्य, उसके महत्व और इतिहास के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। एक महीने तक कार्यशाला में हिस्सा लेने वाले बच्चों को प्रदेश के विभिन्न नृत्य थडया, चौंफला, चांचड़ी, जौनसारी, कुमाऊनी, पांडव नृत्य आदि विधाएं सिखाई जाएंगी। बताया कि पिछले 15 सालों से हर साल कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में अंकित नेगी, राहुल नेगी, सुहानी नौटियाल, आयुषी नेगी, प्रीति रावत, आदिति नेगी, नीरज, ऋषभ, आयुषी बुटोला आदि लोगों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस मौके पर मंच के सचिव सुदर्शन नेगी, कोषाध्यक्ष मनीष लिंगवाल, संरक्षक विजेंद्र, सहसचिव नरेंद्र नेगी, संरक्षक अशोक थपलियाल आदि मौजूद रहे।

# व्यापारियों ने किया संडे हाट बाजार का विरोध

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या-32 डांग में प्रस्तावित संडे हाट बाजार का व्यापारियों ने विरोध दर्ज किया है। बुधवार को नगर निगम की मेयर आरती भंडारी को ज्ञापन प्रेषित किया। व्यापारियों ने डांग क्षेत्र में रविवार को लगने वाले हाट बाजार को अनुमति न दिए जाने की मांग की। व्यापार सभा अध्यक्ष सौरभ पांडेय, जगमोहन सिंह, बीरेंद्र सिंह ने कहा कि डांग क्षेत्र में वार्ड नम्बर-32 में प्रत्येक माह के रविवार को हाट बाजार आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है, जिससे डांग व्यापार सभा में कड़ा रोष व्याप्त है। कहा कि डांग, श्रीनगर का एक सीमित व्यापारी क्षेत्र है, जहां पहले से ही व्यापार की स्थिति अत्यंत सामान्य और सीमित है। कहा कि अधिकांश दुकानदार अल्पवित्तीय हैं, जो अपनी दुकानें संचालित करते हैं और अपनी आजीविका चलाते हैं। कहा कि इस क्षेत्र में पहले ही व्यापारिक प्रतिस्पर्धा अधिक है तथा ग्राहक संख्या सीमित है। ऐसे में यदि प्रत्येक माह रविवार को हाट बाजार आयोजित किया जाएगा, तो उससे स्थायी दुकानदारों के व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और व्यापारियों को आर्थिक संकट से गुजरना पड़ेगा। व्यापारियों ने महापौर से डांग क्षेत्र में लगने वाले हाट बाजार को अनुमति न दिए जाने की मांग की है।


## उत्तर रेलवे
### ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 72-DRM-MB-25-26 dt. 02.07.2025 | 88-DRM-MB-25-26 dt. 02.07.2025 |
|---|---|---|
| Name of work | Heavy Repair to Bridges, inspection steps and other Misc. works at Bridges in the section of SSE/W/CH under ADEN/CH. | Provision of Auto Hut & Relay Room for ABS between MB-MPH under ADEN/HQ/MB. |
| Tender Closing Date Time | 25.07.2025 | 25.07.2025 |
| Advertised Value (Rs.) | 89,99,999.82 | 1,50,52,886.53 |
| Earnest Money (Rs.) | 1,80,000.00 | 2,25,300.00 |
| Tender Cost Rs.) | 00 | 00 |
| Bidding Start Date | 11.07.2025 | 11.07.2025 |
| Period of Completion | 06 Month | 06 Month |

पत्रांक– 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक– 02.07.2025 2000/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे
### निविदा सूचना

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 02.07.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/प्रथम द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 61-DRM-MB-25-26 13.06.2025 | 79-DRM-MB-25-26 20.06.2025 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Maintenance of circulating area, parks and lawns of YNRK & HW station in the section of SSE/W/HW under ADEN/HW | Lubrication of curves using contractor's own track based Rail Gauge Face Lubricator (Electronic Type) - 47 nos in the jurisdiction of Sr.DEN/I/MB. |
| निविदा का प्रकार | Works | Service |
| निविदा की कीमत | Nil | 10,000.00 |
| अनुमानित लागत | 94,59,915.07 | 7,55,76,817.80 |
| धरोहर राशि | 1,89,200.00 | 5,27,900.00 |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 29.07.2025 16:00 | 29.07.2025 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 15.07.2025 | 15.07.2025 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 90 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह | 60 माह |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1998/25

## संक्षिप्त समाचार

### ऋषिकेश में सार्वजनिक शौचालय में छेड़छाड़ पर महिला आयोग सख्त

देहरादून। ऋषिकेश में पुरानी चुंगी हरिद्वार रोड स्थित एक सार्वजनिक शौचालय में मंगलवार की शाम शौचालय के 50 वर्षीय संचालक द्वारा 7 वर्षीय एक नाबालिक किशोरी के साथ छेड़छाड़ के मामले में राज्य महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने संज्ञान लिया है। उन्होंने इसे अत्यंत निंदापूर्ण व शर्मनाक कृत्य कहा है। आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने बुधवार को पीड़िता व उसके परिजनों से मुलाकात करते हुए कहा कि आरोपी के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नाबालिकों के साथ इस प्रकार का दुर्व्यवहार अत्यंत दुखद व चिन्ताजनक है। उन्होंने इस मामले में एसओ ऋषिकेश से फोन और वार्ता कर जानकारी ली। जिसमे एसओ ने बताया गया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। तथा उसके विरुद्ध पोक्सो के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने नगर निगम ऋषिकेश के नगर आयुक्त गोपाल बेनीवाल को शहर में पिंक टॉयलेट व उनके अंतर्गत महिला कर्मचारियों की तैनाती के लिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम के अधिकारी इस बात का संज्ञान लें कि पिंक टॉयलेट में केवल महिला कर्मचारी हो, जिससे इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो।

### दृष्टिबाधित युवाओं के साथ दुर्व्यवहार मामले में मांगा स्पष्टीकरण

देहरादून। न्यायालय आयुक्त दिव्यांगजन की ओर से निदेशक प्रारंभिक शिक्षा से स्पष्टीकरण मांगा गया है। इस संबंध में आयुक्त दिव्यांगजन रवनीत चीमा की ओर से निदेशक प्रारंभिक शिक्षा को पत्र लिखकर एक सप्ताह में स्पष्टीकरण मांगा गया है। इस मामले में उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष राम कंडवाल की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई थी, कि प्रदेश के दृष्टिबाधित युवक निदेशक अजय कुमार नौडियाल से उनके कार्यालय में मिलने गए थे। उनकी बात सुनने के बजाए निदेशक की ओर से उसके साथ अभद्र व्यवहार कर अपमानित किया गया।

### यूटीयू ने की डीप शिवा चैटबॉट प्रतियोगिता की अधिकारिक घोषणा

देहरादून। यूटीयू ने डीप शिवा नाम से एआई आधारित चैटबॉट तैयार करने की अधिकारिक घोषणा की है। विवरण विवि की वेबसाइट पर अपलोड है। पहले चरण में आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जुलाई है। विवि कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने बताया कि विवि के कुलाधिपति राज्यपाल लेज.गुरमीत सिंह के आह्वान से प्रेरित होकर चैटबॉट को तैयार किया गया है। विवि द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न भारतीय तकनीकी संस्थानों, विवि के इंजीनियर, प्रौद्योगिकी के यूजी, पीजी छात्रों की टीम कृषि, स्वास्थ्य सेवा और पर्यटन में से किसी भी विषय का चयन कर एआई आधारित चैटबॉट तैयार करेंगी। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में शामिल होने वाली टीमों का मूल्यांकन शिक्षा एवं उद्योग जगत के विशेषज्ञ करेंगे। तीन श्रेणियों में ओपन सोर्स एलएलएम संचालित चैटबॉट विकसित करने वाली संभवित टीमों का मूल्यांकन एक साथ किया जाएगा और सर्वश्रेष्ठ टीम को प्रथम पुरस्कार के रुप में पांच लाख, द्वितीय पुरस्कार 3 लाख और तृतीय पुरस्कार 2 लाख रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी।

### कारगी चौक के पास सरकारी भूमि से अतिक्रमण नहीं हटने पर किया प्रदर्शन

देहरादून। देवभूमि रक्षा मंच के कार्यकर्ताओं ने कारगी चौक के पास स्थित सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर नगर निगम के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। सभी ने नारेबाजी कर अपना आक्रोश प्रकट किया। मेयर सौरभ थपलियाल और नगर आयुक्त नमामी बंसल को ज्ञापन सौंपकर कब्जा हटवाकर स्वामित्व का बोर्ड लगाने की मांग उठाई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि कारगी चौक के पास एक निजी कंपनी के शोरूम के पास बेशकीमती सरकाीी जमीन को ठिकाने लगाया जा रहा है। यहां अवैध रूप से पुश्ते का निर्माण करवाने का आरोप लगाया है।

कार्यकर्ता हिन्द प्रताप सिंह ने बताया कि शिकायत दर्ज करने के बावजूद सरकारी जमीन को कब्जामुक्त नहीं करवाया गया। उनका कहना है कि पूछने पर बताया कि यहां विधायक निधि से पुश्ता बन रहा है। उन्होंने कहा कि इससे सरकार और जनप्रतिनिधियों की छवि खराब हो रही है। राघव उपाध्याय ने कहा कि निगम ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन करेंगे।

# आधुनिक पुलिसिंग के लिए फॉरेंसिक की जानकारी बेहद जरूरी : एसएसपी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : बुधवार को पौड़ी पुलिस को फॉरेंसिंग से संबंधित ट्रेनिंग पुलिस लाइन पौड़ी में क्राइम सीन इन्वेस्टिगेशन किट प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में पौड़ी साथ ही रुद्रप्रयाग व चमोली के 49 पुलिस अफसरों व कार्मिकों ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि कैसे जांच में फॉरेंसिंग प्रणाली काम में आती है और न्यायिक दृष्टि से भी प्रमाणिक होती है।

प्रभारी जिला मोबाइल फॉरेंसिक यूनिट श्रीनगर ने सभी ट्रेनरों को किट के प्रयोग और इसकी व्यावहारिक जानकारी दी। इसके साथ ही ड्रग डिटेक्शन, साक्ष्य संकलन, फिंगर प्रिंटिंग, ब्लड सेल सैंपलिंग और डिजिटल सबूत संरक्षण जैसे विषयों को भी बताया। इस ट्रेनिंग में जिले के सभी विवेचकों के लिए विशेष पुलिसिंग प्रशिक्षण सत्र रखा गया। इसमें



बॉडी-वॉर्न कैमरों की रिकॉर्डिंग प्रक्रिया, डेटा संरक्षण, सुरक्षा प्रोटोकॉल आदि की भी जानकारी दी गई। ट्रेनिंग में पौड़ी, श्रीनगर व थाना देवप्रयाग के विवेचकों सहित अन्य थानों ने भी ऑन लाइन हिस्सा लिया। ट्रेनिंग में सीनियर वैज्ञानिक सहायक केशवानंद घिल्डियाल, प्रभारी मोबाइल फॉरेन्सिक यूनिट एसआई लक्ष्मी सकलानी व सजन सिंह आदि शामिल रहे। पौड़ी एसएसपी लोकेश्वर सिंह ने कहा कि आधुनिक पुलिसिंग के लिए फॉरेंसिक की जानकारी बेहद जरूरी है। कहा कि बॉडी-वॉर्न कैमरों का गहन प्रशिक्षण आधुनिक पुलिसिंग में एक क्रांतिकारी कदम हैं, जो न केवल मौके पर घटित घटनाओं की वस्तुनिष्ठ रिकॉर्डिंग को संभव बनाएगा बल्कि पुलिस की पारदर्शिता व जवाबदेही को भी सुदृढ़ करेगा।

पुलिसिंग के दौरान इन कैमरों की सहायता से सोशल मीडिया पर फैलने वाली कई भ्रामक व झूठी सूचनाओं का तथ्यात्मक खंडन भी प्रभावी रूप से किया जा सकेगा। साथ ही, यह उपकरण नए आपराधिक विधि संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायक सिद्ध होंगे, जो न्याय प्रक्रिया को और अधिक तकनीकी, प्रमाणिक व पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगें।

# संवेदनशील बूथों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

## पुलिस ने किया पोलिंग बूथों का निरीक्षण

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की तैयारियों में पुलिस महकमा भी जुट गया है। बुधवार को पुलिस टीमों ने बूथों को निरीक्षण किया। पुलिस पोलिंग बूथों पर जाकर बूथ की सड़क से दूरी से लेकर अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ले रही है। पुलिस का संवेदनशील बूथों पर पैनी नजर रखने के साथ बूथों की सुरक्षा पर विशेष फोकस है।

पंचायत चुनावों को लेकर जिले में 1191 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। जबकि जिले को 96 सेक्टर और 15 जोन बनाएं गए है। पंचायत चुनावों में जिले में साढ़े चार लाख वोटर हैं। बुधवार को पुलिस टीमों ने बूथों का निरीक्षण कर फीडबैक लिया। इस निरीक्षण से न केवल चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं शांति सुनिश्चित करना है, बल्कि भयमुक्त वातावरण में मतदान संपन्न कराने की




प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

बूथों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील बूथों पर पर्याप्त फोर्स को तैनात किया जाएगा। सभी थाना प्रभारियों को बूथों के निरीक्षण के लिए कहा था और थाना प्रभारियों ने यह काम शुरू कर दिया है। निरीक्षण के बाद जैसे ही रिपोर्ट आती है उसी के अनुरूप आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। पोलिंग बूथों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर यदि कोई दिक्कत होगी तो उसे दूर किया जाएगा।

# बुजुर्ग मां—बाप का तिरस्कार बेटे को पड़ा भारी

देहरादून। दून निवासी बुजुर्ग मां—बाप ने जिस विश्वास के साथ अपनी संपत्ति और व्यापार गिफ्ट डीड कर बेटे को दी थी, उसने संपत्ति को पाने के बाद मां—बाप के भरणपोषण का ख्याल तक नहीं रखा। अपनी ही संतान से मिले धोखे के बाद बुजुर्ग दंपति न्याय के लिए दर—दर भटक रहे थे। जिलाधिकारी न्यायालय में मामला पहुंचा और जिलाधिकारी सविन बंसल ने पहली ही सुनवाई में गिफ्ट डीड निरस्त कर दी। कोर्ट में जिलाधिकारी ने जैसे 3080 वर्ग फुट की पूरी संपत्ति बुजुर्ग दंपति के नाम करने का फैसला सुनाया तो बुजुर्ग दंपति की आंखें भर आईं। संपत्ति की गिफ्ट डीड पाने के बाद बेटे ने मां—बाप को घर से बेदखल कर दिया था। गिफ्ट डीड में यह साफ किया गया था कि बेटे को माता—पिता का भरणपोषण करने, दोनों को अपने साथ रखना होगा। साथ ही पोते—पोती को दादा—दादी से भी दूर नहीं करेंगे। लेकिन बेटे ने गिफ्ट डीड से संपत्ति अपने नाम होते ही खुद माता—पिता से दूर रहने लगा। बुजुर्ग मां—बाप के भरण पोषण का भी ख्याल नहीं रखा। यहां तक कि पोते—पोती को भी उनसे नहीं मिलने दिया गया। इसके खिलाफ बुजुर्ग दंपत्ति ने तहसील, थाने से लेकर तमाम स्तर पर न्याय की गुहार लगाई, लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिली तो उन्होंने जिलाधिकारी न्यायालय में वाद दायर किया। जिलाधिकारी सविन बंसल ने पहली ही सुनवाई में गिफ्ट डीड शर्तों का उल्लंघन पर भरणपोषण अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए कार्रवाई के आदेश दिए।

### यूनियनों की सदस्यता लेने पर रोक के आदेश से रोडवेज कर्मचारी खफा

देहरादून। उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन ने रोडवेज में सक्रिय कर्मचारी संगठन और यूनियनों की सदस्यता में उपाधिकारी और अधिकारियों के शामिल होने पर रोक लगाने के आदेश का विरोध किया। यूनियन इसे कर्मचारियों के अधिकारों का हनन बाते हुए आदेश रद करने की मांग उठाई है। प्रदेश महामंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि रोडवेज प्रबंधन ने 14 विभिन्न पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को यूनियन और संगठनों की सदस्यता ग्रहण करने पर प्रतिबंध लगाया है। इस बारे में विधि विशेषज्ञों की राय ली गई। इसमें पता चला है कि कार्मिक ट्रेड यूनियन में किसी भी प्राविधान के अंतर्गत यूनियन की सदस्यता लेने से वंचित नहीं किए जा सकते हैं, मुख्यालय का यह आदेश विधि विपरीत है।

# सोने की चोरी का आरोपी पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : श्रीनगर पुलिस ने साने की चोरी के आरोपी को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस मुख्य आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जबकि दूसरे फरार आरोपी की संपत्ति कुर्क की गई है।

एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि 18 दिसम्बर 2024 को वादी श्यामुल राणा हाल निवासी श्रीनगर द्वारा कोतवाली श्रीनगर में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गई। जिसमें बताया गया मेरी काष्ट कला रोड़ श्रीनगर में सोने के आभूषण की दुकान है, जिसमें मैं आभूषण फिनिशिंग का कार्य भी करता हूं। मेरा कारीगर प्रदीप मलिक निवासी हुगली, पश्चिम बंगाल जो 15 नवंबर 2024 को घर से दुकान की चाबी और सामान लेकर दुकान खोले बिना 119.5



ग्राम सोना लेकर फरार हो गया है। प्रथम सूचना रिपोर्ट के आधार कोतवाली श्रीनगर पर प्रदीप मलिक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आए कि प्रदीप मलिक के साथ उसका साथी मैदुल इस्लाम और मैदुल इस्लाम का साला शेख शकील भी। उक्त चोरी की घटना में अभियुक्तों की पुष्टि होने पर गठित पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सम्भावित ठिकानों दिल्ली, लखनऊ, पश्चिम बंगाल आदि स्थानों में दबिश दी गई। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त शेख शकील को 15 फरवरी 2025 को गबन किये गये 70 ग्राम सोना के साथ सुईवालान जामा मस्जिद, दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था। एसएसपी ने बताया कि मैदुल इस्लाम पुत्र अब्दुल रहमान, निवासी फुरफूरा पुर्वी दुर्गापुर, थाना जंगीपाडा, जिला हुगली, पश्चिम बंगाल को 30 जून 2025 को उपजिला कारागार श्रीरामपुर पश्चिम बंगाल से पुलिस अभिरक्षा में लेकर माननीय न्यायालय न्यायिक मजि. श्रीनगर के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

बताया कि अभियुक्त प्रदीप मलिक की चल सम्पति की कुर्की की गयी है। पुलिस टीम में अपर उपनिरीक्षक बीरेन्द्र बृजवाल, कांस्टेबल दुष्यन्त आदि शामिल थे।

# निर्वाचन से जुड़ी समस्त तैयारियां समय से पूर्ण करें : जिला निर्वाचन अधिकारी

## जोनल व सेक्टर अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 की तैयारियों को लेकर विकास भवन सभागार में बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी प्रतीक जैन की अध्यक्षता में जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन हेतु तैनात जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिए कि बेहतर समन्वय एवं परस्पर संवाद से जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को पोलिंग बूथो का स्थलीय निरीक्षण कर जरूरी सुविधाओं की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।

इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को



निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन से जुड़ी समस्त तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने पोलिंग स्टेशनों की व्यवस्थाओं, मतदान प्रक्रिया में प्रयुक्त वाहनों की उपलब्धता एवं संपूर्ण लॉजिस्टिक सपोर्ट की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य एक संवेदनशील जिम्मेदारी है, इसे गंभीरता से लिया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सेक्टर, जोनल एवं मतदान टीम के बीच बेहतर समन्वय होना आवश्यक है। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से निर्वाचन संबधी पुराने अनुभवों को भी शेयर किया। साथ ही सेक्टर अधिकारियों की समस्याओं को भी जाना। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक सेक्टर अधिकारी उनसे संबंधित पोलिंग बूथों का स्थलीय निरीक्षण कर सभी मूल सुविधाओं की जानकारी जुटा लें। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया में अपनाए जाने वाले प्रपत्रों व आदर्श आचार संहिता पर भी फोकस किया। इस दौरान प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी लोकेन्द्र सिंह बिष्ट ने आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों, पोल डे मॉनिटरिंग, पोलिंग बूथ सत्यापन बैलेट पेपर एवं मतदान पेटियों के उपयोग संबधी अनेकानेक जानकारियां पीपीटी के माध्यम से दी।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जनपद में 07 जोन 61 सेक्टर एवं 459 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र सिंह रावत, मुख्य शिक्षा अधिकारी पीके बिष्ट, जोनल मजिस्ट्रेट चंडी प्रसाद रतूड़ी, जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक) अजय कुमार चैधरी, अधिशासी अभियंता लोनिवि इंद्रजीत बोस, जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित निर्वाचन विभाग की टीम एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

# पाकिस्तान को 182 देशों का समर्थन मोदी सरकार की विफलताः माहरा

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र में हुए हालिया मतदान में पाकिस्तान को 193 में से 182 देशों का समर्थन प्राप्त हुआ है। यह केवल पाकिस्तान की कूटनीतिक जीत नहीं है, बल्कि भारत की वैश्विक साख को लगी एक गहरी चोट है। यह मोदी सरकार की तथाकथित सशक्त विदेश नीति और झूठे प्रचारतंत्र की पूरी तरह से पोल खोलता है। मीडिया को जारी एक बयान में माहरा ने कहा कि बीते एक दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से की गई भारी—भरकम विदेश यात्राएं, करोड़ों रुपये की पीआर रणनीतियां और विश्वगुरु की मिथ्या छवि, सब कुछ आज ध्वस्त होता दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों से रिश्ते संभाल नहीं पाए। नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और अब मालदीव तक भारत से दूर हो चुके हैं। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की निष्क्रियता और अवसर चूकने की आदत के चलते, भारत सरकार की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग गए हैं। उन्होंने कहा कि संघर्षविराम की कमजोर और बिना सोच—समझ की नीतियां आज भारत को वैश्विक अलगाव की ओर धकेल रही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि भारत सरकार इस अंतरराष्ट्रीय शर्मिंदगी पर देश को तत्काल स्पष्टिकरण दे। विदेश नीति की विफलता को लेकर संसद में विस्तृत बहस कराई जाए। प्रधानमंत्री स्वयं देश को बताएं कि कैसे उनकी ब्रांड मोदी विदेश नीति ने भारत को अलग—थलग कर दिया है। आज पूरी दुनिया में भारत की आवाज कमजोर पड़ती जा रही है और इसका कारण सिर्फ और सिर्फ भाजपा की खोखली विदेश नीति, और झूठ पर आधारित प्रचार तंत्र है।

# सरस्वती विहार में पानी सीवर की समस्या को लेकर जल संस्थान कार्यालय का घेराव

देहरादून)। सरस्वती विहार विकास समिति अजबपुर खुर्द ने पानी और सीवर की समस्याओं को लेकर बुधवार को जल संस्थान के सरस्वती विहार स्थित सहायक अभियंता कार्यालय का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया।

सरस्वती विहार विकास समिति के अध्यक्ष पंचम सिंह बिष्ट, सचिव गजेंद्र भंडारी ने कहा कि सरस्वती विहार दून की सबसे बड़ी कॉलोनी है। जहां पानी और सीवर की समस्याएं आए दिन बनी रहती हैं। अभी मानसून शुरु ही हो रहा है, लेकिन अभी से सरस्वती विहार के ब्लॉक बी वन, ब्लॉक सी, ब्लॉक ई में जगह—जगह सीवर चोक हो रही है। मानसून पूर्व तैयारियों में जल संस्थान द्वारा सीवर लाइन की सफाई व्यवस्था नहीं की गई। जिसके फलस्वरुप लोगों को यह दिन देखना पड़ रहा है। बहुत से लोगों के घरों में सीवर का पानी अंडरग्राउंड वॉटर टैंक में चला गया है। जिससे उनको सामने साफ पानी का संकट हो गया है। समिति पदाधिकारी ने क्षेत्र के लोगों के सम्मुख जल संस्थान के सहायक अभियंता मनोज बिष्ट, कनिष्ठ अभियंता रविंद्र चिनालिया को स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि जल्द ही कॉलोनी की सीवर समस्याएं ठीक नहीं होगी तो विभाग की तालाबंदी की जाएगी।

### डिप्लोमा इंजीनियरों ने लोनिवि मंत्री के सामने उठाई अपनी मांगें

देहरादून। लोक निर्माण विभाग के डिप्लोमा इंजीनियरों ने बुधवार को लोनिवि मंत्री सतपाल महाराज से मुलाकात कर अपनी 15 सूत्रीय मांगों पर जल्द कार्रवाई की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि संघ लंबे समय से अपनी मांगों के समाधान की आवाज उठा रहा है लेकिन अभी तक इस संदर्भ में कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है।

डिप्लोमा इंजीनियर संघ का प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष सीडी सैनी की अध्यक्षता में बुधवार को सुभाष रोड स्थित लोनिवि मंत्री सतपाल महाराज के के कैंप कार्यालय पहुंचा। इस अवसर पर सैनी की ओर से संघ का 15 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। उन्होंने कहा कि विभाग के इंजीनियरों की तबादला एक्ट से संबंधित दिक्कतों को दूर नहीं किया गया है। इसी तरह प्रमोशन, ढ़ांचा पुनर्गठन की मांगे भी लंबित हैं। ऐसे में इन सभी मांगों पर जल्द कार्रवाई की जाए। लोनिवि मंत्री सतपाल महाराज ने इस अवसर पर संघ के प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द उनकी मांगों का समाधान निकाला जाएगा।

# त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन की नामांकन प्रक्रिया शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 के तहत जनपद रुद्रप्रयाग में नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से गतिमान है। जनपद के तीनों विकासखंड अगस्त्यमुनि, जखोली एवं ऊखीमठ के अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान पदों, ग्राम पंचायत सदस्यों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं जिला पंचायत सदस्यों के लिए नाम निर्देशन पत्रों का क्रय-विक्रय सुचारू रूप से किया जा रहा है।

प्रत्याशियों एवं उनके समर्थकों द्वारा नामांकन केंद्रों पर निर्धारित समय एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप शांति एवं अनुशासन के साथ नामांकन पत्र दाखिल किए जा रहे हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रत्येक नामांकन केंद्र पर आवश्यक



व्यवस्था सुनिश्चित की गई हैं, जिसमें पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, प्रतीक्षा हेतु छाया, पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा, फॉर्म वितरण जांच व्यवस्था आदि सम्मिलित हैं। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतीक जैन ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या आचार संहिता उल्लंघन की स्थिति में त्वरित कार्यवाही हेतु निगरानी टीमें सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि नामांकन के दौरान किसी भी प्रकार के जुलूस या शक्ति प्रदर्शन की अनुमति नहीं है तथा सभी प्रत्याशियों को केवल प्रस्तावक के साथ ही नामांकन कक्ष में प्रवेश की अनुमति दी गई है। सभी विकास खंडों में प्रशासनिक अधिकारी लगातार निगरानी बनाए हुए हैं और अब तक किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

जनपद प्रशासन द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं, जिससे लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्येक नागरिक निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।

# सीडीओ ने नामांकन प्रक्रिया और मतगणना स्थलों की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 के तहत जनपद में नामांकन प्रक्रिया के सुचारू संचालन और निर्वाचन से जुड़ी व्यवस्थाओं की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र सिंह रावत ने विकास खण्ड अगस्त्यमुनि में चल रही नामांकन प्रक्रिया का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी निर्वाचन के लिए सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्य विकास अधिकारी ने अगस्त्यमुनि स्थित विकास खण्ड कार्यालय परिसर में सभी नामांकन पटलों का क्रमवार निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का



जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नामांकन प्रक्रिया में आने वाले प्रत्याशियों और उनके प्रतिनिधियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रत्येक स्तर पर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने नामांकन पटल पर आवश्यक सूचना पट्ट, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, छाया, सुरक्षा व्यवस्था और कोविड सुरक्षा प्रोटोकॉल का भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कर्मचारियों से बातचीत कर प्रक्रिया की स्थिति की जानकारी ली और प्राप्त फीडबैक के आधार पर कुछ आवश्यक सुधारों हेतु तत्काल निर्देश जारी किए। इसके उपरांत उन्होंने विकासखंड अगस्त्यमुनि के अंतर्गत प्रस्तावित मतगणना स्थलों का भी निरीक्षण किया। इनमें अगस्त्यमुन खेल मैदान, ब्लॉक सभागार अगस्त्यमुनि, कीड़ा हॉल, ऊखीमठ और जखोली में बनाए गए मतगणना स्थल प्रमुख रहे। उन्होंने मतगणना स्थलों पर की जा रही तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्थाओं, प्रकाश, बैठने की व्यवस्था, बैरिकेडिंग और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की व्यवस्था का जायजा लिया।

### घर से फोन, नगदी और बाहर खड़ा स्कूटर चोरी

देहरादून। एक युवक के घर में घुसा चोर मोबाइल, नगदी और स्कूटर चोरी कर फरार हो गया। मामले में शहर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संजय वर्मा निवासी पटेल रोड ने तहरीर दी। बताया कि वह रोज की तरह 31 जुलाई को काम से कमरे पर वापस आए। रात को सो गए। तड़के करीब साढ़े चार बजे नींद खुली तो पाया कि घर के कमरे का दरवाजा खुला था और टांगी गई पैंट जमीन पर पड़ी थी। उन्होंने देखा तो कमरे से मोबाइल फोन, पैंट की जेब की रखी 10,400 रुपये नगदी और घर में खड़ा स्कूटर चोरी हो गया था। उन्होंने मंगलवार सुबह शहर कोतवाली जाकर शिकायत दी। शहर कोतवाल प्रदीप पंत ने बताया कि मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com